संताल एक्सप्रेस ई-पेपर
www.santalexpress.com
https://epaper.santalexpress.com
पर पढ़े .......
12 दिसंबर 2024, गुरुवार
पृष्ठ-08, मूल्य : 2 रुपये
दुमका, वर्ष- 07, अंक - 76
Email-santalexpress20@gmail.com

संताल परगना की आवाज
संताल एक्सप्रेस

## सीरिया में फंसे 75 भारतीय नागरिकों की निकासी

**नई दिल्ली ।** भारत सरकार ने सीरिया में हाल ही में हुए घटनाक्रम के बाद आज 75 भारतीय नागरिकों को वहां से निकाला। इनमें जम्मू और कश्मीर के 44 जायरीन शामिल थे, जो सैदा जैनब में फंसे हुए थे। सभी भारतीय नागरिक सुरक्षित रूप से लेबनान पहुंच गए हैं और वे उपलब्ध वाणिज्यिक उड़ानों से भारत लौटेंगे। सीरिया में सुरक्षा स्थिति के हमारे आकलन और भारतीय नागरिकों के अनुरोध के बाद दमिश्क और बेरूत भारतीय दूतावासों द्वारा समन्वित निकासी की प्रक्रिया शुरू की गई।

# केंद्र और राज्य के सहयोग से ही जनता का विकास संभव : राज्यपाल



**संवाददाता**

**रांची ।** झारखंड विधानसभा के छठे सत्र के तीसरे दिन बुधवार को सदन में राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार का अभिभाषण हुआ। राज्यपाल ने सरकार की उपलब्धियों को गिनाते हुए सबसे पहले सत्र में मौजूद सभी सदस्यों का स्वागत किया।

राज्यपाल ने कहा कि आप में से कई सदस्य पूर्व में भी विधानसभा के सदस्य रहे हैं जबकि कई सदस्य पहली बार निर्वाचित होकर विधानसभा पहुंचे हैं। इस विधानसभा में अनुभवी और नये सदस्यों का समागम हुआ है। सबको मिलकर जनादेश का सम्मान करते हुए जनभावनाएं और जनआकांक्षाओं के अनुरूप कार्य करना है। उन्होंने कहा कि जनता के कल्याण और राज्य के विकास के लिए पूरी लगन, निष्ठा और समर्पण से कार्य करना है। विधानसभा की आदर्श परंपराओं को आप सबको मिलकर आगे बढ़ाना है।

राज्यपाल ने कहा कि लोकतंत्र में जनप्रतिनिधि, जन आकांक्षाओं की अभिव्यक्ति के प्रतीक होते हैं। षष्ठम् विधानसभा के शांतिपूर्ण चुनाव प्रक्रिया की समाप्ति के बाद राज्य में एक मजबूत और स्थिर सरकार के गठन का जनादेश जनता ने दिया है। यह सरकार झारखंड की मूल चेतना के साथ समावेशी विकास का ध्येय लेकर आगे बढ़ेगी। हमारी सरकार बिना किसी द्वेष के वंचितों को विशेष महत्व देने के मानवीय सोच के साथ सबको उचित अधिकार, सबको सुरक्षा और हर द्वार तक समृद्धि पहुंचाने को प्रतिबद्ध है।

राज्यपाल ने कहा कि हमारी सरकार एक व्यापक दृष्टिकोण के साथ समाज के वंचितों, दलितों, आदिवासियों, अल्पसंख्यकों एवं गरीबों की खुशहाली के लिए संकल्पित है। उन्होंने कहा कि सरकार शहीदों के त्याग और बलिदान को हृदय में आत्मसात करते हुए द्वेष, घृणा, अहंकार, प्रतिशोध से दूर रहने का प्रण लेकर कार्य करेगी।

### राज्यपाल ने गिनाईं उपलब्धियां

- केंद्र सरकार एवं उनकी कंपनियों के पास पड़ा राज्य का बकाया 01 लाख 36 हजार करोड़ रुपये वापस लाने के लिए राज्य सरकार कानूनी रास्ता भी अपनायेगी।
- हो, मुंडारी, कुडुख और अन्य जनजातीय भाषाओं को संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल कराने की पहल करेंगे।
- सरकार आदिवासी-मूलवासी को स्थानीय नीति बनाकर तृतीय और चतुर्थ श्रेणी की नौकरियों में शत प्रतिशत आरक्षण देने के लिये प्रतिबद्ध है।
- पांचवीं विधानसभा ने सर्वसम्मति से पिछड़ा वर्ग को 27 प्रतिशत, आदिवासी को 28 प्रतिशत और दलित को 12 प्रतिशत आरक्षण देने का विधेयक एवं सरना-आदिवासी धर्म कोड को पारित कर स्वीकृति के लिए केंद्र सरकार के पास भेजा है, जो अभी गृह मंत्रालय में लंबित है। इस कार्यकाल में केंद्र सरकार से इन विषयों को स्वीकृत कराने का हर संभव प्रयास करेंगे।
- वर्षों से खासमहल एवं जमाबंदी की जमीनों पर रह रहे परिवारों को मान-सम्मान के साथ जीने का अधिकार देने के साथ-साथ गैरमजरूवा जमीन पर बसे रैयतों की भूमि जिसकी रजिस्ट्री और रसीद काटने पर 2017 में रोक लगा दी गयी थी, उसे प्रारंभ किया जायेगा। शेष पेज 2 पर....

### विस में 11,697 करोड़ का अनुपूरक बजट पेश

**रांची ।** झारखंड विधानसभा के छठे सत्र के तीसरे दिन बुधवार को राज्यपाल के अभिभाषण के बाद वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने सदन में वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए 11697.45 करोड़ का अनुपूरक बजट पेश किया। इसमें सबसे अधिक महिला बाल विकास विभाग के लिए 6390.55 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। इसके बाद ऊर्जा विभाग के लिए 2577.92 करोड़, गृहकारा विभाग के लिए 445.96 करोड़, माध्यमिक शिक्षा के लिए 301.89 करोड़ और प्राथमिक शिक्षा के लिए 272.80 करोड़ का प्रावधान है। अनुपूरक बजट पेश होने के बाद विधानसभा अध्यक्ष ने सदन की कार्यवाही 12 दिसंबर को पूर्वाह्न 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी।

# चुनाव आयोग के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट जाएगा इंडिया गठबंधन

### पंचायतों में मत पत्र से चुनाव कराने के प्रस्ताव पारित कराने की मुहिम

**एजेंसी**

**नई दिल्ली ।** महाराष्ट्र और हरियाणा विधानसभा चुनाव को लेकर जल्द ही इंडिया गठबंधन के दल सामूहिक रूप से सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाएंगे। हाल ही में महाराष्ट्र में विपक्षी दलों की बैठक हुई। इस बैठक के बाद एनसीपी प्रमुख शरद पवार, अरविंद केजरीवाल, वरिष्ठ अधिवक्ता एवं कांग्रेस के सांसद मनु सिंघवी ने घोषणा की है। बैठक में सभी दल चुनाव आयोग के खिलाफ याचिका लेकर सुप्रीम कोर्ट जाएंगे।



### वैलेट पेपर का आंदोलन तेज

महाराष्ट्र में अब ग्राम पंचायत स्तर पर ईवीएम से चुनाव के खिलाफ प्रस्ताव पारित होने लगे हैं। महाराष्ट्र के कोलेवाडी गांव ने एक प्रस्ताव पारित किया है। जिसमें भविष्य में होने वाले सभी चुनाव मत पत्र से कराने का प्रस्ताव पारित किया गया है। गांव गांव में मत पत्र से चुनाव कराने की मांग बढ़ती चली जा रही है। ग्राम पंचायत द्वारा इस संबंध में प्रस्ताव भी पारित किये जा रहे हैं।

# सुप्रीम कोर्ट जल्द करेगा फैसला : हिन्दू महिलाओं को पति की संपत्ति पर कितना अधिकार?

**एजेंसी**

**नई दिल्ली ।** हिन्दू महिलाओं को पति की संपत्ति पर कितना अधिकार? इसका फैसला सुप्रीम कोर्ट जल्द करने जा रहा है। सुप्रीम कोर्ट के न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा और संदीप मेहता की पीठ ने सोमवार को इस मामले को एक बड़े पीठ के पास भेजने का निर्णय लिया, ताकि इस मुद्दे का समाधान हमेशा के लिए किया जा सके। कोर्ट ने कहा कि यह मुद्दा हर हिन्दू महिला, उसके परिवार और देशभर के विभिन्न अदालतों में लंबित मामलों के अधिकारों से जुड़ा हुआ है।

सुप्रीम कोर्ट ने हिन्दू महिला को हिन्दू उत्तराधिकार अधिनियम, 1956 के तहत संपत्ति अधिकारों के व्याख्याओं की उलझन को सुलझाने का फैसला किया है, जो कि छह दशकों से लंबित एक महत्वपूर्ण मुद्दा बन चुका है। प्रश्न यह है कि क्या एक हिन्दू पत्नी अपने पति द्वारा दी गई संपत्ति पर पूर्ण स्वामित्व अधिकार रखती है, भले ही वसीयत में कुछ प्रतिबंध लगाए गए हों?

यह सवाल केवल कानूनी बारीकियों का नहीं है, बल्कि लाखों हिन्दू महिलाओं के लिए इस निर्णय का गहरा प्रभाव पड़ेगा। यह निर्णय यह तय करेगा कि क्या महिलाएं अपनी संपत्ति का उपयोग, हस्तांतरण या बिक्री बिना किसी हस्तक्षेप के कर सकती हैं। हिन्दू उत्तराधिकार अधिनियम की धारा 14(1) ने हिन्दू महिलाओं को संपत्ति पर पूर्ण अधिकार देने के लिए एक प्रगतिशील कदम उठाया था, लेकिन धारा 14(2) में कुछ अपवाद दिए गए थे। इसमें यह कहा गया था कि वसीयत या उपहार में दी गई संपत्ति स्वचालित रूप से पूर्ण स्वामित्व में नहीं बदल सकती। न्यायमूर्ति नरसिम्हा ने इस विभाजन को स्वीकार करते हुए कहा कि तुलसम्मा के बाद दो विचारधाराएं विकसित हुई हैं। एक जो हिन्दू महिलाओं को अधिकार देने की ओर है और दूसरी संपत्ति अधिग्रहण के तरीके और हस्तांतरण के तरीके को देखकर विचार करती है। सुप्रीम कोर्ट ने इस मुद्दे पर स्पष्टता की आवश्यकता पर बल दिया और कहा कि इस विषय पर कानूनी स्थिति को स्पष्ट करना अत्यंत आवश्यक है। अब एक बड़ी पीठ को यह निर्णय लेना होगा कि क्या वसीयत में दी गई शर्तें हिन्दू महिलाओं के संपत्ति अधिकारों को धारा 14(1) के तहत सीमित कर सकती हैं या नहीं।

## संक्षिप्त खबरें

### लोकसभा : रेलवे (संशोधन) विधेयक, 2024 ध्वनिमत से पारित

**नई दिल्ली ।** लोकसभा ने बुधवार को रेलवे (संशोधन) विधेयक, 2024 ध्वनिमत से पारित कर दिया। विधेयक 1905 के रेलवे बोर्ड अधिनियम और 1989 के रेलवे विधेयक को एकीकृत करेगा। केन्द्रीय रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव ने आज विधेयक पर पिछले दिनों हुई चर्चा का उत्तर दिया। उन्होंने कहा कि रेलवे बोर्ड और रेलवे से जुड़े विधेयक को एकीकृत करने से रेलवे का विकास और कार्यदक्षता बढ़ेगी। विधेयक के माध्यम से कानूनी ढांचे का सरलीकरण होगा। रेल मंत्री ने विपक्ष को रक्षा और रेलवे को राजनीति से दूर रखने की अपील करते हुए उसके केन्द्रीकरण और निजीकरण से जुड़े आरोपों का खंडन किया। उन्होंने कहा कि पिछले 10 साल में रेलवे में विकेन्द्रीकरण का कार्य हुआ है। काम में तेजी आई है।

### ईएमआई से ज्यादा पत्नी के गुजारा भत्ते को दें प्राथमिकता : सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली :** पत्नी को दिए जाने वाले गुजारा भत्ता को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने बड़ा फैसला सुनाया है। एक याचिका पर सुनवाई करते हुए कोर्ट ने कहा कि लोन की ईएमआई कितनी है, कब देनी है इन सबसे ज्यादा प्राथमिकता पत्नी को गुजारा भत्ता देने की होना चाहिए। जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस उज्जल भूयान की बेंच ने यह फैसला एक पति की याचिका को खारिज करते हुए दिया। पति, जो एक डायमंड फैक्ट्री का मालिक है, ने अदालत से अनुरोध किया था कि वह अपनी अलग हो चुकी पत्नी को बकाया गुजारा भत्ता देने में असमर्थ है, क्योंकि उसकी फैक्ट्री घाटे में चल रही है और उस पर भारी कर्ज है। अदालत ने स्पष्ट किया कि तलाकशुदा पत्नी और बच्चों के भरण-पोषण की जिम्मेदारी पति की संपत्ति पर प्राथमिक अधिकार रखती है।

# झामुमो संघर्ष से उपजी पार्टी है : हेमंत सोरेन



**संवाददाता**

**रांची ।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने बुधवार को पार्टी के नेताओं-कार्यकर्ताओं की हौसला अफजाई की। उन्होंने रांची में झामुमो केंद्रीय समिति की विस्तारित बैठक में कहा कि झामुमो संघर्ष से उपजी पार्टी है। यही कारण है कि हमने हमेशा हक-अधिकार के लिए लड़ाई लड़ी है। लड़कर जीत हासिल की है और कभी हार नहीं मानी है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि गत विधानसभा चुनाव में आप सभी कर्मठ नेताओं और जुझारू कार्यकर्ताओं की कड़ी मेहनत के साथ करोड़ों राज्यवासियों के आशीर्वाद से झारखंड में मजबूत अबुआ सरकार का गठन हुआ। आप सभी को इसके लिए हार्दिक बधाई और जोहार। आने वाले समय में हमें झामुमो परिवार की जड़ों को राज्य के प्रत्येक कोने में पंहुचाकर मजबूत करने का काम करना है। वंचित और शोषित सहित समाज के सभी वर्गों को हक-अधिकार देने का काम करना है।

# जेपीएससी अध्यक्ष की नियुक्ति शीघ्र करे राज्य सरकार : हाईकोर्ट

**संवाददाता**

**रांची ।** झारखंड हाई कोर्ट ने एक मामले की सुनवाई के दौरान कहा कि राज्य सरकार अति शीघ्र जेपीएससी अध्यक्ष पद पर नियुक्ति करे। कोर्ट ने यह बात बुधवार को जेपीएससी 11 से 13 सिविल सेवा परीक्षा का साक्षात्कार एवं रिजल्ट जल्द प्रकाशन करने को लेकर दाखिल पवन कुमार वर्मा की रिट याचिका की सुनवाई के दौरान कही।

सुनवाई के दौरान कोर्ट ने झारखंड सरकार को जल्द से जल्द जेपीएससी अध्यक्ष के रिक्त पद को भरने का निर्देश दिया। कोर्ट ने कहा कि जेपीएससी में अध्यक्ष का पद पिछले तीन माह से रिक्त रहने से कई नियुक्ति प्रक्रिया बाधित हो रही है। झारखंड वेलफेयर स्टेट है। यहां विधानसभा चुनाव होने के बाद एक पॉपुलर सरकार भी बन चुकी है। एक बेहतर स्टेट होने के नाते झारखंड में जेपीएससी अध्यक्ष के रिक्त पद को जल्द से जल्द भरे जाने की उम्मीद की जा रही है।

कोर्ट ने कहा कि जेपीएससी के कैलेंडर के तहत अगस्त माह में साक्षात्कार प्रक्रिया पूरी हो जानी थी। जेपीएससी के अध्यक्ष के पद रिक्त होने से कई अभ्यर्थियों को उम्र सीमा के नुकसान होने एवं उनके करियर पर असर पड़ने की भी संभावना है। झारखंड में नई सरकार का गठन हो चुका है। कैबिनेट की बैठक भी हो रही है और सदन की कार्रवाई भी चल रही है। इसके अलावा संवैधानिक पदों पर नियुक्ति प्रक्रिया भी शुरू हो गई है। ऐसे में जेपीएससी के अध्यक्ष पद पर क्यों अब तक नियुक्ति नहीं हो रही है?




सुनवाई के दौरान जेपीएससी की ओर से अधिवक्ता संजय पिपरवाल ने कोर्ट को बताया कि जेपीएससी नियुक्ति प्रक्रिया पूरी करने के उचित कार्रवाई कर रही है। ऐसे में जेपीएससी अध्यक्ष का रिक्त पद जैसे ही भरा जाएगा। नियुक्ति प्रक्रिया पूरी करने की कार्रवाई तत्काल शुरू हो जाएगी। सुनवाई के दौरान प्रार्थी के अधिवक्ता अमृतांश वत्स ने पक्ष रखा।

# पुलिस अधिकारियों और कर्मियों को दुर्घटना पर मिलेगा एक करोड़ का बीमा

### डीजीपी ने किया एमओयू पर साइन

**संवाददाता**

**रांची ।** डीजीपी अनुराग गुप्ता की उपस्थिति में पुलिस मुख्यालय में बुधवार को झारखंड पुलिस और बैंक ऑफ इंडिया के बीच रक्षक सैलरी पैकेज के लिए एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए। झारखंड पुलिस की तरफ से अनुराग गुप्ता और बैंक ऑफ इंडिया की तरफ से रांची फील्ड महाप्रबंधक मनोज कुमार ने हस्ताक्षर किए। इस विशेष सैलरी पैकेज के तहत पुलिसकर्मियों को कई सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएगी। झारखंड राज्य का अग्रणी, बैंक ऑफ इंडिया सम्पूर्ण झारखंड में स्थित 550 से भी अधिक शाखाओं के माध्यम से पुलिस सेवा में कार्यरत अधिकारियों और कर्मचारियों को व्यक्तिगत दुर्घटना और मृत्यु बीमा एक करोड़, स्थायी पूर्ण विकलांगता पर 50 लाख, स्थायी आंशिक विकलांगता पर 25 लाख, वायुयान दुर्घटना पर 2 करोड़, सामान्य मृत्यु पर 10 लाख और व्यक्तिगत दुर्घटना में मृत्यु होने पर दो आश्रित बच्चों की उच्चतर शिक्षा के लिए बीमा राशि 10 लाख की सुविधा भी दी जाएगी। इसके अतिरिक्त न्यूनतम ब्याज दर पर पर्सनल ऋण भी उपलब्ध कराया जाएगा। ऑफ इंडिया के जरिये रक्षक सैलरी पैकेज के तहत खाता धारक को पूर्णतः निःशुल्क उपलब्ध कराई जाएगी। यह एमओयू झारखंड पुलिस के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है, जो उन्हें वित्तीय सुरक्षा और सुविधा प्रदान करेगा।



# राजद का सदस्यता अभियान बूथ स्तर से लेकर प्रदेश स्तर तक चलाना है : संजय सिंह यादव

**संवाददादता**

**रांची ।** झारखंड प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल कार्यालय रांची में प्रदेश अध्यक्ष सह विधायक संजय सिंह यादव की अध्यक्षता में सदस्यता अभियान को लेकर सभी जिला अध्यक्ष और प्रकोष्ठ अध्यक्षों की बैठक बुधवार को हुई।

बैठक को संबोधित करते हुए संजय सिंह यादव ने कहा कि सदस्यता अभियान बूथ स्तर से लेकर प्रदेश स्तर तक चलाना है और संगठन को मजबूत करना है। उन्होंने कहा कि सदस्यता अभियान का रसीद जिला अध्यक्ष के माध्यम से सभी प्रकोष्ठ अध्यक्ष लेंगे और उन्हीं के माध्यम से प्रदेश कार्यालय में डिपॉजिट भी करेंगे ।आने वाले नगर पंचायत और नगर निगम के चुनाव की तैयारी में अभी से ही राष्ट्रीय जनता दल के नेताओं कार्यकर्ताओं को करना चाहिए । एक-एक कार्यकर्ता नेता को पूरे जिम्मेवारी के साथ सदस्यता अभियान चलाना है और लालू प्रसाद यादव और बिहार विधानसभा में विपक्ष के नेता तेजस्वी प्रसाद यादव के हाथों को मजबूत करना है।



### राजनाथ सिंह को तिरंगा और गुलाब भेंट कर राहुल गाधी ने कहा-

# अडानी के हाथों देश को मत बिकने दो

**एजेंसी**

**नई दिल्ली ।** संसद के मौजूदा शीतकालीन सत्र में अडानी मामले को लेकर चल रहे विपक्ष के विरोध प्रदर्शन के बीच कांग्रेस सांसद व लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने एक अलग और अनोखे तरीके से विरोध दर्ज कराया है। संसद परिसर में राहुल गांधी ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को गुलाब का फूल और तिरंगा भेंट किया। यह प्रतीकात्मक विरोध विपक्ष की ओर से केंद्र सरकार पर अडानी ग्रुप से जुड़े भ्रष्टाचार के आरोपों पर चर्चा से बचने का आरोप लगाने के बाद किया गया।

बताते चलें कि बुधवार की सुबह जैसे ही केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह अपनी कार से उतरकर संसद में प्रवेश कर रहे थे, राहुल गांधी और कांग्रेस के अन्य नेताओं ने उनके पास जाकर गुलाब और तिरंगा भेंट किया। कांग्रेस का कहना है कि यह कदम गांधीवादी विचारधारा से प्रेरित था, जिसमें विपक्ष ने शांतिपूर्ण तरीके से सरकार को देशहित में जागरूक करने की कोशिश की। इस मामले को लेकर कांग्रेस नेता इमरान प्रतापगढ़ी ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट करते हुए कहा, कि हम सत्तापक्ष के सांसदों को यह याद दिलाना चाहते हैं कि अडानी जैसे उद्योगपतियों के हाथों देश को मत बिकने दो। सरकार संसद में अडानी पर चर्चा से बचने की हर मुमकिन कोशिश कर रही है।



संताल एक्सप्रेस
देश दुनिया व झारखंड की ताजा खबरें पढ़ने के लिये santalexpress.com पर जाएं या इस बार कोड को स्कैन करें.............

# डांटने और धमकाने का काम कर रहे धनखड़

### सभापति के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पेश करने के कारण गिनाए : खड़गे

**एजेंसी**

**नई दिल्ली ।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने बुधवार को प्रेस वार्ता में राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ के खिलाफ विपक्ष द्वारा अविश्वास प्रस्ताव पेश करने के कारण गिनाए। उन्होंने कहा कि मजबूर होना पड़ा, क्योंकि उनके आचरण ने राष्ट्र के गौरव को हानि पहुंचाई है।



कांग्रेस प्रमुख मल्लिकार्जुन खड़गे ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि सदन में विपक्ष की आवाज को दबाया जाता है। सभापति तो राजनीति से परे होते हैं, लेकिन यहां वो आरएसएस की तारीफ करते हैं। सभापति को पूरी तरह से निष्पक्ष होना चाहिए। उन्होंने जोर देकर कहा कि राज्यसभा के सभापति के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पेश करने का मकसद व्यक्तिगत शिकायतें या राजनीतिक लड़ाई से जुड़ा नहीं है। वहीं मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि राज्यसभा अध्यक्ष स्कूल के प्रधानाध्यापक की तरह डांटते हुए काम करते हैं, वरिष्ठ अनुभवी विपक्षी नेताओं को वे उपदेश देते हैं, उन्हें बोलने से रोक देते हैं। उन्होंने कहा कि राज्यसभा में व्यवधान का सबसे बड़ा कारण तो स्वंय अध्यक्ष हैं। वे सभापति कम और सरकार के प्रवक्ता के रूप में ज्यादा काम कर रहे हैं। इसी के साथ कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि सदन में राज्यसभा अध्यक्ष के आचरण ने देश की गरिमा को ठेस पहुंचाई है। हम व्यक्तिगत तौर पर राज्यसभा अध्यक्ष के खिलाफ नहीं हैं, बल्कि उन्होंने खुद ही हमें उन्हें हटाने के लिए नोटिस देने के अलावा कोई विकल्प नहीं छोड़ा है।

# दिल्ली में कांग्रेस से गठबंधन नहीं करेगी आआपा : केजरीवाल

**एजेंसी**

**नई दिल्ली ।** दिल्ली विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के साथ आम आदमी पार्टी (आआपा) कोई गठबंधन नहीं करेगी। कांग्रेस के साथ गंठबंधन को लेकर लगाई जा रही अटकलों को खुद आआपा के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने सिरे से नकार दिया है। बुधवार को उन्होंने एक बयान में कहा कि आआपा दिल्ली में जनता के साथ मिलकर विधानसभा चुनाव लड़ेगी। कांग्रेस के साथ गठबंधन की किसी भी तरह की कोई संभावना नहीं है। पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं सांसद संजय सिंह ने कहा कि खुद अरविंद केजरीवाल ने स्पष्ट कर दिया है कि दिल्ली के अंदर कांग्रेस के साथ कोई गठबंधन नहीं हो रहा है। आआपा अकेले चुनाव लड़ेगी। पिछले तीन चुनाव में हमने लगातार भाजपा को बुरी तरीके से हराया है। दिल्ली में हमने उस वक्त 67 सीटें लीं, जब नरेन्द्र मोदी 2014 में हरियाणा, झारखंड, महाराष्ट्र जीतकर आए थे।

# छात्रों पर लाठीचार्ज करके सरकार ने मंशा स्पष्ट कर दी : चंपाई सोरेन

संवाददाता

**रांची ।** पूर्व मुख्यमंत्री और भारतीय जनता पार्टी के विधायक चंपाई सोरेन ने हेमंत सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने बुधवार को सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट कर कहा है कि एक कहावत है कि पूत के पांव पालने में ही दिख जाते हैं। इसी तर्ज पर अपने कार्यकाल की शुरुआत में ही न्याय की मांग कर रहे छात्रों पर लाठीचार्ज करके सरकार ने अपनी मंशा स्पष्ट कर दी है।



चंपाई सोरेन ने लिखा है कि हमारा स्पष्ट तौर पर मानना है कि यदि नियुक्ति सहित किसी भी सरकारी प्रक्रिया पर सवाल उठ रहे हों, तो सीबीआई जांच के जरिये सरकार इस विवाद का सर्वमान्य हल निकाल सकती है लेकिन जिस प्रकार लाठी के दम पर युवाओं के आंदोलन को कुचलने का प्रयास किया जा रहा है, वह दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि भाजपा जेएसएससी-सीजीएल परीक्षा में हुई गड़बड़ी के विरोध में आंदोलन कर रहे छात्रों के साथ खड़ी है। झारखंड की अगली पीढ़ी के भविष्य के साथ हो रहे इस खिलवाड़ को बर्दाश्त नहीं किया जायेगा

## किसान खुद को ठगा हुआ महसूस कर रहे : बाबूलाल मरांडी




**रांची ।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि झामुमो-कांग्रेस गठबंधन ने किसानों से वादा किया था कि धान की खरीद 3200 रुपये प्रति क्विंटल की दर पर की जाएगी लेकिन चुनावी वादों पर अमल न होने से किसान खुद को ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं। बाबूलाल ने बुधवार को सोशल मीडिया एक्स पर ट्वीट किया है। उन्होंने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से आग्रह किया है कि चुनावी वादों के अनुरूप किसानों से 3200 रुपये प्रति क्विंटल की दर पर धान की खरीद करें। साथ ही किसानों के लिए पारदर्शी व्यवस्था और समय पर भुगतान सुनिश्चित करें। सरकार को यह नहीं भूलना चाहिए कि किसान हमारे देश की रीढ़ हैं और उनकी समस्याओं को नजरअंदाज करना सभी के भविष्य के साथ अन्याय है।

# होल्डिंग टैक्स और ट्रेड लाइसेंस की निगम ने शुरू की जांच

संवाददाता

**रांची ।** रांची नगर निगम ने शहर में स्थित प्रतिष्ठानों और भवनों में होल्डिंग टैक्स और ट्रेड लाइसेंस की जांच शुरू कर दी है, ताकि निगम का राजस्व बढ़ाया जा सके।पहले दिन निगम की राजस्व शाखा, कर संग्रहण का कार्य कर रही एजेंसी के प्रतिनिधि और पीएमयू की संयुक्त टीम ने स्कूल, मॉल, आवासीय परिसर सहित कुल पांच परिसरों में होल्डिंग टैक्स और ट्रेड लाइसेंस की जांच की। इस दौरान कांके रोड स्थित कैंब्रियन स्कूल प्रबंधन को निगम की टीम ने नोटिस देते हुए स्कूल परिसर का पुर्न आकलन के निर्देश दिए। वहीं, कांके रोड स्थित न्यूक्लियस मॉल-2 में जल्द से जल्द बकाए कर का भुगतान करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार अंतु चौक स्थित जानकी भवन की मापी की गई। मालिक को डिमांड जारी कर जल्द से जल्द कर भुगतान करने का निर्देश दिया गया। इसके अलावा निगम की टीम ने यशोदा टावर स्थित कोटक महिंद्र बैंक को 15 दिनों के भीतर ट्रेड लाइसेंस लेने को कहा गया।गौरतलब है कि राजस्व संग्रहण के कार्यों में गति देने के उद्देश्य से नगर आयुक्त के निर्देशानुसार रांची नगर निगम की ओर से विभिन्न आवासीय भवनों/प्रतिष्ठानों में होल्डिंग टैक्स, ट्रेड लाइसेंस, जल कर आदि की जांच के लिए व्यापक अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में बुधवार को



निगम की संयुक्त टीम ने परिसरों में जांच अभियान चलाया गया।सहायक प्रशासक चंद्रदीप कुमार ने कहा कि जिन भवनों का होल्डिंग टैक्स काफी समय से बकाया है या व्यवसाय करने के बाद भी कॉमर्शियल होल्डिंग नहीं कराया गया है, उन्हें जल्द से जल्द कॉमर्शियल होल्डिंग कराते हुए कर का भुगतान करना अनिवार्य है। साथ ही जिन प्रतिष्ठानों में ट्रेड लाइसेंस की वैधता समाप्त हो गई है, वे जल्द रिन्यूअल करा लें। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि वे समय पर होल्डिंग टैक्स का भुगतान करें। व्यवसाय के लिए ट्रेड लाइसेंस प्राप्त कर लें, अन्यथा निगम की ओर से झारखंड नगरपालिका अधिनियम के तहत विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी।

## विधासभा के बाहर धरने पर बैठे मांडू विधायक

**रांची ।** मांडू से आजसू पार्टी के विधायक निर्मल महतो बुधवार को विधासभा के बाहर धरने पर बैठे हैं। हाथ में जेएसएससी-सीजीएल परीक्षा रद्द की जाए का तख्ती पकड़े हुए हैं। दरअसल, हजारीबाग में मंगलवार को जिस तरह से लाठीचार्ज हुआ उसको लेकर निर्मल महतो आक्रोशित हैं। उनका कहना है कि वर्तमान सरकार छात्रों को लेकर संवेदनशील नहीं है। जेएसएससी-सीजीएल परीक्षा रद्द की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि जेएसएससी-सीजीएल रद्द करना पड़ेगा नहीं तो झारखंड जलेगा और इसकी जिम्मेदार सरकार होगी। उन्होंने इस मामले की सीबीआई जांच कराने की मांग की है।



## स्पीकर के पिता के निधन पर राज्यपाल ने शोक जताया

**रांची ।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार बुधवार को विधानसभा अध्यक्ष रबीन्द्र नाथ सिंह के कांके रोड, रांची स्थित आवास पहुंचे।वहां उन्होंने उनके पिता गोलक बिहारी महतो के निधन पर दुःख व शोक व्यक्त किया। राज्यपाल ने दिवगंत आत्मा की चिरशांति के लिए प्रार्थना की और शोकाकुल परिवारजनों के प्रति संवेदना प्रकट की।

## स्पीकर से दो विधायकों ने की मुलाकात

**हजारीबाग ।** सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने बुधवार को विधानसभा के अध्यक्ष रवीन्द्र महतो से शिष्टाचार भेंट की और उन्हें विधानसभा के अध्यक्ष बनने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस मुलाकात के दौरान प्रदीप प्रसाद ने महतो के कुशल नेतृत्व और विधानसभा में उनके समर्पित योगदान की सराहना की। उन्होंने कहा कि अध्यक्ष के रूप में रवीन्द्र महतो का अनुभव और नेतृत्व सदन की मर्यादा और कार्यकुशलता को नई ऊंचाईयों तक ले जाएगा। प्रदीप प्रसाद ने विश्वास व्यक्त किया कि रविंद्र महतो के नेतृत्व में विधानसभा में लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं को मजबूती मिलेगी और सभी दलों के बीच समन्वय स्थापित होगा। उन्होंने कहा कि अध्यक्ष के रूप में महतो का कार्यकाल प्रदेश के विकास और लोकतंत्र के लिए एक प्रेरणादायक अध्याय साबित होगा। इस अवसर पर सिमरिया के विधायक कुमार उज्जवल दास भी महतो को बधाई दी। उज्जवल दास ने भी अध्यक्ष के प्रति अपनी शुभकामनाएं प्रकट करते हुए कहा कि उनका अनुभव और मार्गदर्शन विधानसभा की कार्यवाही को और अधिक सशक्त बनाएगा। उन्होंने सदन में रचनात्मक सहयोग और समर्पण के साथ कार्य करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की। शिष्ट

## जमीन का पट्टा मांगने को लेकर हुए विवाद में प्राथमिकी

**देवघर।** मोहनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत एक गांव के एक व्यक्ति ने थाना में सरकारी जमीन का पट्टा मांगने को लेकर हुए विवाद में प्राथमिकी दर्ज कराया है। उन्होंने प्राथमिकी में दुमाबाद गांव के सुधीर यादव,रंजित यादव,अजीत यादव,सुजीत यादव, सुकदेव यादव, चन्दन यादव,तुलसी यादव,पंकज यादव,हरि किशोर,अनिल यादव,परसुराम यादव को नामजद आरोपी बनाया है। प्राथमिकी में पीड़ित ने बताया कि मेरे पिता ग्राम प्रधान है और प्राथमिकी अभियुक्तगण सरकारी जमीन का पट्टा मांगते है, इसी बात को लेकर प्राथमिकी अभियुक्तगण घर में प्रवेश कर जान मारने की नियत से उसके पिता व परिवार वालों के साथ लाढ़ी डंडा से मारपीट किये तथा तलवार से मारकर जख्मी कर दिये। इसके अलावे बीच-बचाव करने जब पत्नी आयी तो उसके साथ मारपीट कर उसका ब्लाउज फाड दिये तथा चेन छीन लिये। हो-हल्ला की आवाज़ पर अगल-बगल के लोग आये और बीच-बचाव किये। इधर मोहनपुर थाना प्रभारी ने पीड़ित के आवेदन पर प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

## घर हड़पने को लेकर थाना में प्राथमिकी दर्ज

**देवघर।** मधुपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत भगत सिंह चौक निवासी जगत नारायण गुप्ता,पिता दुर्गा प्रसाद शाह ने थाना में फर्जी कागजात बनाकर घर हड़पने को लेकर थाना में प्राथमिकी दर्ज कराया है। प्राथमिकी में पीड़ित ने मोहम्मद चांद अंसारी, और चंदन कुमार गुप्ता को नामजद आरोपी बनाया है। प्राथमिकी में उन्होंने कहा कि मेरे संपत्ति को हड़पने की नीयत से फर्जी कागजात बनाकर घर में प्रवेश कर गए और पत्नी को धक्का मुक्की कर घर से बाहर कर दिए जाने का आरोप लगाया है। इधर मधुपुर थाना प्रभारी ने पीड़ित के आवेदन के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

## घर से निकाल देने के आरोप में प्राथमिकी

**देवघर।** नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत बिलासी टाउन निवासी श्वेता कुमारी पिता डोमी भगत ने महिला थाना में ससुराल वालों द्वारा दहेज के लिए प्रताड़ित करने तथा घर से निकाल देने के आरोप में प्राथमिकी दर्ज कराई है। जिसमें उन्होंने बिहार के बेगूसराय जिला के थाना कमाल के सनहा गांव के नया टोला के फंटूश कुमार, बिट्टू कुमार,इंद्रदेव चौधरी,संजू देवी,मनीषा देवी, बुलबुल देवी को नामजद आरोपी बनाया है।

## अवैध बालू लदे 15 वाहन जब्त

**रांची ।** रांची के उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री अवैध बालू उठाव की लगातार मिल रही शिकायतों पर काफ़ी गंभीर हैं। इसका असर काफ़ी बड़े पैमाने पर देखने को मिल रहा है। उनके दिशा-निर्देश पर जिला खनन पदाधिकारी और माइनिंग इंस्पेक्टर के जरिये औचक निरीक्षण करते हुए लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में बुधवार को मेसरा थाना, दलादली टीओपी, टूपुदाना, बेड़ो, लापुंग थाना क्षेत्र में कुल 15 गाड़ी पकड़ी गई। इनमें अवैध बालू लदी गाड़ी 12 और स्टोन चिप्स लदी गाड़ी तीन शामिल हैं। जिला प्रशासन ने बताया कि वाहन मालिकों ड्राइवरों एवं इसमें संलिप्त अन्य व्यक्तियों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर आवश्यक कानूनी कारवाई की जा रहा है।

## अवैध माइका खनन रोकने के लिए छापेमारी

**कोडरमा ।** वन विभाग की टीम और कोडरमा पुलिस ने छापेमारी कर तीन शक्तिमान, एक जेसीबी जब्त किया है। जंगल के इंदरवा चितरपुर स्थित लोमचाची जंगल मे अवैध माइका खनन को लेकर छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान टीम ने अवैध खनन में लगे एक जेसीबी मशीन, तीन शक्तिमान जब्त किया है। रेंजर रामबाबू ने बुधवार को बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर लोमचाची जंगल में छापेमारी की गयी। अंधेरे का लाभ देखकर चालक फरार हो गये। इस मामले में अवैध उत्खनन में लगे लोगों को चिन्हित करते हुए आवश्यक कार्यवाही की जा रही हैं। उन्होंने बताया कि उनलोगों के ऊपर वन अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया जाएगा। जब्त वाहनों को कोडरमा वन विभाग परिसर में जब्त कर रखा गया है। मौके पर वनपाल प्रभारी उस्मान अंसारी, छत्रपति शिवाजी, दुर्गा माहतो गोपाल यादव के अलावे पुलिस बल के जवान मौजूद थे।

# जेल में बंद अपराधी ने दीपक सिंह की करवाई हत्या

संवाददाता

**हजारीबाग ।** हजारीबाग पुलिस में दीपक सिंह हत्या मामले का खुलासा किया है।दीपक सिंह की हत्या आपसी विवाद और पैसे के लेनदेन के कारण हुई है। हत्या का षड्यंत्र जेल में बंद मिलन तुरी ने रची थी। पांच दिसंबर को हजारीबाग पुलिस ने बड़कागांव थाना अंतर्गत गिद्दी के साधु कुटिया के पास से दीपक सिंह का शव बरामद किया था।जिसे गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस मामले का उद्बेदन करते हुए हजारीबाग एसपी अरविंद कुमार सिंह ने कहा कि संतोष कुमार उर्फ होरिल भुईयां और यूरबी कुरमाली उर्फ अभिराज को गिरफ्तार किया गया



है।जिसने अपनी संलिप्तता भी स्वीकार कर ली है।हजारीबाग एसपी ने कहा कि दीपक सिंह की हत्या हजारीबाग जेल में बंद मिलन तुरी ने रची थी। मिलन तुरी और दीपक सिंह के बीच आपसी विवाद और पैसे के लेनदेन के कारण यह घटना घटी है.संतोष कुमार उर्फ होरिल भुईयां और यूरबी कुरमाली उर्फ अभिराज ने घटना को अंजाम दिया। हत्या को अंजाम देने के लिए 25000 रुपए मिलन तुरी ने यूरबी करमाली को भेजा था। जिसमें 17000 रुपया संतोष कुमार को दिया। संतोष कुमार के पास से मृतक दीपक सिंह का मोबाइल और हत्या के बदले 17000 रुपए में से बचा हुआ 16300 रुपया बरामद किया गया। आरोपी संतोष कुमार के निशानदेही पर घटना को अंजाम में दिया गया हथियार भी बरामद किया गया है।

# क्रशर व्यवसायी से 20 लाख की मांगी गई रंगदारी, नहीं देने पर जान मारने की धमकी

संवाददाता

**रांची ।** रांची के बरियातू के हरिहर सिंह रोड स्थित अंजली अपार्टमेंट में रहने वाले शैलेंद्र प्रताप सिंह उर्फ अनुप सिंह से 20 लाख रुपये की रंगदारी मांगने का मामला बुधवार को प्रकाश में आया है। इस संबंध में शैलेंद्र प्रताप ने बरियातू थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी है। रंगदारी देवा गिरोह के सदस्य अविनाश तिवारी के जरिये 20 लाख की रंगदारी की मांग की गयी है, रुपये नहीं देने पर जान मारने की धमकी दी गयी है।



प्राथमिकी में शैलेंद्र प्रताप सिंह ने कहा है कि टाटीसिलवे थाना क्षेत्र तथा अपने चाचा स्वर्गीय राधा मोहन सिंह के सिकिदरी के कुचू स्थित क्रशर का भी संचालन करता हूं। मेरे मोबाइल पर अज्ञात मोबाइल नंबर से फोन आया। फोन करने वाले ने कहा कि वह देवा गिरोह का सदस्य अविनाश तिवारी बोल रहा है। उसने धमकी भरे लहजे में कहा कि तुम्हारा पुत्र संत थॉमस स्कूल में पढ़ता है और तुमलोग हरिहर सिंह रोड में अंजली अपार्टमेंट में रहते हो। फोन करने वाले के पास हमारी संबंध में पूरी जानकारी थी। उसके बाद उसने कहा कि 20 लाख रुपये इंतजाम करके रखो वरना जान से मरवा देंगे। इसके पूर्व भी 29 सितंबर 24 को धमकी भरा फोन आया था, इस संबंध में मैंने सिकिदरी थाना में सन्हा दर्ज कराया था। प्राथमिकी में कहा गया है कि उक्त धमकी के बाद पूरा परिवार दहशत में है। उन्होंने पुलिस से कहा है कि दोषी व्यक्ति के खिलाफ शीघ्र कार्रवाई की जाये।

## कुएं से मिला शव, जांच में जुटी पुलिस

**चतरा ।** टंडवा स्थित आम्रपाली परियोजना के शिवपुर ट्रांसपोर्टिंग रोड के समीप से बुधवार की शाम पुलिस ने कुएं से एक व्यक्ति का शव बरामद किया है। मृतक की पहचान हजारीबाग जिले के चौपारण निवासी कृष्णा सिंह के पुत्र आशुतोष कुमार सिंह (42) के रूप में की गई। बताया गया कि वह आम्रपाली परियोजना में कोल ढुलाई का कार्य करने वाली आरकेटीसी कंपनी में बतौर वर्कर के रूप में कार्यरत था। जहां से वह बुधवार की दोपहर बारह बजे कंपनी के साईट से निकला था। इसके बाद से लापता था। इसी दौरान शाम को शिवपुर गांव के एक कुएं में तैरता हुआ शव देखे जाने की सूचना स्थानीय लोगों ने पुलिस को दी?। जानकारी के बाद मौके पर पहुंची पुलिस की टीम ने शव को बाहर निकलवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## एससी-एसटी एमएसएमई उद्यमियों को तरजीह : कोल इंडिया

संवाददाता

**धनबाद ।** अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के एमएसएमई उद्यमियों को कोल इंडिया प्रमोट करेगी। कोल इंडिया एवं अनुषंगी कंपनियां एससी/एसटी उद्यमियों से खरीद में तरजीह देगी। कोल इंडिया की ओर से मुख्यालय कोलकाता में आयोजित विक्रेता विकास कार्यक्रम में इस बात का संकेत प्रबंधन की ओर से दिया गया। कोल इंडिया कॉर्पोरेट कार्यालय में एनएसएसएचओ, कोलकाता के सहयोग से अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति उद्यमियों के लिए विक्रेता विकास कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान कोल इंडिया चेयरमेन पी एम प्रसाद, मुख्य सतर्कता अधिकारी ब्रजेश कुमार त्रिपाठी और एनएसएसएचओ, कोलकाता की प्रभारी मृगांका सरकार उपस्थित थे।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए हमारे चेयरमेन पीएम प्रसाद ने कहा




कि इस पहल का उद्देश्य एमएसई के लिए सार्वजनिक खरीद नीति के लाभों और वस्तुओं के लिए कोल इंडिया के खरीद मैनुअल और सेवाओं के लिए अनुबंध प्रबंधन मैनुअल में उल्लिखित प्रासंगिक प्रावधानों के बारे में जानकारी प्रदान करके एससी/एसटी उद्यमियों के स्वामित्व वाले सूक्ष्म और लघु उद्यमों (एमएसई) को सशक्त बनाना है। एमएम डिवीजन और एनएसएसएचओ, कोलकाता द्वारा प्रेजेंटेशन दिया गया। भारत सरकार द्वारा विशेष रूप से एससी और एसटी एमएसई के लिए दी जाने वाली विभिन्न योजनाओं और लाभों पर प्रकाश डाला गया।

# बाइक सवार अपराधियों ने युवक को मारी गोली

संवाददाता

**पलामू ।** जिला मुख्यालय मेदिनीनगर शहर थाना क्षेत्र के कोयल नदी किनारे कसाब मोहल्ला में बाइक सवार अपराधियों ने बुधवार को सद्दाम कुरैशी (30) को गोली मार दी। युवक को इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उसे बांह में गोली लगी है। गोली मारने वाले अपराधियों की संख्या दो बताया जा रहा है। दोनों बाइक से पहुंचे थे। जख्मी युवक मेदिनीनगर की शास्त्री नगर निवासी नमिता देवी मर्डर केस में जेल जा चुका है। सद्दीक चौक से सटे एक दुकान में दिनदहाड़े नमिता देवी की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। सूचना मिलने पर पुलिस हर एक एंगल पर जांच में जुटी हुई है। अपराधियों की पहचान के लिए सीसीटीवी फुटेज खंगाला जा रहा है। जख्मी युवक की पत्नी नजराना बीवी ने निजी अस्पताल में बताया कि उसके सोहर सद्दाम कुरेशी नौ माह के बच्चे की देखभाल कर रहे थे। घर के बाहर धूप में खड़े थे। मैं कमरे में अंदर मोजा लेने अंदर गयी थी। इसी क्रम में मोटरसाइकिल से दो युवक पहुंचे और गोली चलाकर भाग निकले। महिला ने बताया कि घटना को मिंटू रंगसाज और साबिर रंगसाज ने मिलकर घटना को अंजाम दिया। दोनों गढ़वा के रहने वाले हैं। दोनों छोटू रंगसाज मर्डर केस में शामिल थे। छोटू की हत्या रांची में दिनदहाड़े कर दी गई थी। नजराना ने सीसीटीवी फुटेज की जांच करके आरोपियों की पहचान करने और जल्द गिरफ्तारी की मांग की है। इधर, गोली लगने के बाद जख्मी हालत में सद्दाम को इलाज के लिए एमआरएमसीएच में भर्ती कराया गया, जहां से उसे इलाज के लिए डॉक्टर राहुल अग्रवाल के निजी अस्पताल में ले जाया गया। कंधे से गोली निकालने के लिए ऑपरेशन की तैयारी है।

# हाईकोर्ट ने सरयू राय के खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर लगी रोक 10 जनवरी तक बढ़ाई

संवाददाता

**रांची ।** झारखंड हाई कोर्ट ने जदयू विधायक सरयू राय को मिली राहत बरकरार रखी है। अदालत ने बुधवार को उनके खिलाफ स्वास्थ्य विभाग के अपर सचिव की ओर से दर्ज करवाए गए मामले में पीड़क कार्रवाई पर रोक के आदेश को 10 जनवरी तक विस्तार दिया है। इसके साथ अदालत ने राज्य सरकार को जवाब दाखिल करने के लिए दोबारा समय दिया है।

हाई कोर्ट के जस्टिस संजय कुमार द्विवेदी की कोर्ट में सरयू राय की याचिका पर सुनवाई हुई। उनकी ओर से अधिवक्ता दिवाकर उपाध्याय ने बहस की। चुनाव के



समय पीड़क कार्रवाई पर रोक के आदेश को विस्तार मिलने से सरयू राय को बड़ी राहत मिली है।

उल्लेखनीय है कि गोपनीय दस्तावेज के लीक मामले में विधायक सरयू राय के खिलाफ स्वास्थ्य विभाग के अवर सचिव की ओर से मई 2022 में डोरंडा थाना में दर्ज करायी गयी थी। रांची के एमपी-एमएलए के विशेष न्यायिक दंडाधिकारी की अदालत ने आपराधिक साजिश रचकर स्वास्थ्य चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग से संचिका के गोपनीय पत्रों की चोरी करने के आरोप में विधायक सरयू राय के खिलाफ दायर आरोप पत्र पर संज्ञान लेते हुए समन जारी किया है, जिसे उन्होंने हाई कोर्ट में चुनौती देते हुए अपने खिलाफ दर्ज प्राथमिकी को निरस्त करने का आग्रह कोर्ट से किया है। मामले में आरोप पत्र भी दाखिल हो चुका है।

## हत्या के दो आरोपित गिरफ्तार

**हजारीबाग ।** हजारीबाग में हुई दीपक सिंह की हत्या मामले का पुलिस ने खुलासा कर लिया है। दीपक की हत्या की साजिश जेल में बंद अपराधी मिलन तुरी ने रची थी। मिलन तुरी और दीपक सिंह का आपसी विवाद और पैसे की लेनदेन के कारण यह घटना हुई। दीपक की हत्या के लिए मिलन ने 25 हजार रुपए में सुपारी दी थी। एसपी अरविंद कुमार सिंह ने बुधवार को बताया कि हत्या में शामिल संतोष कुमार उर्फ होरिल भुईयां और यूरबी करमाली उर्फ अभिराज को गिरफ्तार किया गया है। उसने इस हत्याकांड में अपनी संलिप्तता स्वीकार की है। 5 दिसंबर को हजारीबाग पुलिस ने बड़कागांव थाना अंतर्गत गिद्दी के साधु कुटिया के पास से दीपक सिंह का शव बरामद किया था। दीपक की गोली मारकर हत्या की गई थी।

## बायोमेट्रिक उपस्थिति नहीं तो अनुपस्थित माने जायेंगे कर्मी: डीसी

**रांची ।** रांची के उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री लगातार प्रखण्ड एवं अंचल कार्यालयों का औचक निरीक्षण कर रहे हैं। इसी क्रम में उपायुक्त ने बुधवार को नामकुम प्रखण्ड सह अंचल कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। डीसी ने बायोमेट्रिक से सभी पदाधिकारियों और कर्मियों की उपस्थिति की जांच की। उन्होंने कहा कि बायोमेट्रिक उपस्थिति के बिना सभी अनुपस्थित माने जायेंगे, ससमय कार्यालय आयें और अपनी बायोमेट्रिक उपस्थिति सुनिश्चित करें। अनाधिकृत रुप से अनुपस्थिति पर डीसी ने बीडीओ विजय कुमार और सीओ कमल किशोर सिंह को कार्रवाई करने के निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान प्रखण्ड बाल विकास परियोजना पदाधिकारी सविता कुमारी वर्मा अनुपस्थित पायी गयीं, जिस पर डीसी ने उनकी अनुपस्थिति अधिकृत है या नहीं इसे सत्यापित करने का निर्देश दिया। डीसी ने प्रखण्ड और अंचल कार्यालय में निष्पादित किये जाने वाले सभी कार्य की जांच की। उन्होंने लॉग बुक, आगत-निर्गत पंजी, रोकड़ पंजी, संचिका, जनशिकायत, पेंशन तथा अन्य की जांच करते हुए कहा कि सभी आवेदनों का त्वरित गति से निष्पादन करें, ताकि लोगों को अनावश्यक रुप से कार्यालय का चक्कर न काटना पड़े। आमलोंगों की शिकायतों के त्वरित निष्पादन के लिए उपायुक्त ने बीडीओ, सीओ एवं सभी कर्मचारियों को जिला प्रशासन के जरिये जारी किये गये व्हाट्सएप नंबर 9430328080 का प्रचार-प्रसार करने को कहा।

## चेक बाउंस मामले में सजायाफ्ता की सजा बरकरार

**रांची ।** न्यायायुक्त दिवाकर पांडे की अदालत ने बुधवार को चेक बाउंस मामले में सजायाफ्ता सोनी देवी की सजा को बरकरार रखा है। अदालत ने अपीलकर्ता की याचिका को खारिज करते हुए उसकी सजा को बरकरार रखा है। इससे सजायाफ्ता को झटका लगा है। सोनी देवी को न्यायिक दंडाधिकारी राज कुमार पांडे की अदालत ने शिकायतवाद संख्या 1702/23 मामले में दोषी पाकर 21 जुलाई को एक साल की सजा और 12 लाख रुपए का जुर्माना लगाया था। कोर्ट से सुनाई गई सजा को चुनौती देते हुए सजायाफ्ता ने न्यायायुक्त की अदालत में क्रिमिनल अपील दाखिल की थी। इस पर सुनवाई पश्चात अदालत ने सजा को बरकरार रखा और अपील को खारिज कर दी। अपीलकर्ता ने सुखदेव नगर निवासी शंकर कुमार वर्मा से 13 लाख रुपये दोस्ताना लोन ली थी। बदले में 8.25 लाख रुपये चेक दिया था, जो बाउंस कर गया था। चेक बाउंस मामले में 16 जनवरी, 2023 को केस हुआ था। सुखदेव नगर के न्यू किशोरगंज के आनंद नगर निवासी प्रदीप कुमार प्रजापति की सोनी देवी पत्नी है।

## पेज एक का शेष

### राज्यपाल ने गिनाईं उपलब्धियां.............

-राज्य में निबंधित सभी पत्रकारों के लिए प्रशिक्षण, बीमा और पेंशन का अधिकार सुनिश्चित किया जायेगा।

-सहारा इंडिया से पीड़ित राज्य के निवेशकों की लड़ाई सर्वोच्च न्यायालय से लेकर राज्य के हर न्यायालय और संसद से लेकर सड़क तक हर मोर्चे पर पूरी मजबूती से लड़ी जायेगी, जब तक राज्य के सभी निवेशकों का भुगतान न हो जाये।

-राज्य के जिन सहारा पीड़ितों ने अपने प्राण गंवाये याद दुःख-अवसाद में आत्महत्या करने को मजबूर हुए, उनके परिजनों को सरकारी स्तर पर आर्थिक सहयोग दिया जायेगा।

-किसानों को शून्य प्रतिशत ब्याज दर पर कृषि ऋण उपलब्ध कराया जायेगा।

-मनरेगा के तहत झारखंड के मजदूरों को भारत सरकार बहुत कम मजदूरी देती है। राज्य सरकार अपनी निधि से राज्य के मनरेगा मजदूरों को सहयोग करेगी, जिससे उन्हें न्यूनतम 350 रुपये प्रतिदिन की मजदूरी मिल सके।

-राज्य भर में प्रखंड स्तर पर 500 सीएम स्कूल ऑफ एक्सिलेंस की स्थापना करेंगे। सभी सीएम स्कूल ऑफ एक्सिलेंस में खेल शिक्षक एवं संगीत शिक्षक की नियुक्ति की जायेगी। साथ ही 4,500 पंचायत स्तरीय आदर्श विद्यालय प्रारंभ किये जायेंगे।

-राज्य में प्रत्येक प्रखंड में डिग्री कॉलेज एवं प्रत्येक अनुमंडल में पॉलिटेक्निक महाविद्यालय की स्थापना की जायेगी।

-राज्य में 10वीं कक्षा में अध्ययनरत सभी विद्यार्थियों को गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना से जोड़ते हुए 15 लाख रुपये तक के शिक्षा ऋण की उपलब्धता सुनिश्चित की जायेगी।

-

-केजी क्लास से पीएचडी तक निःशुल्क शिक्षा प्रदान की जायेगी।

-मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत 50 लाख तक का ऋण उपलब्ध कराया जायेगा।

-राज्य में 60,000 पदों पर शिक्षकों, 15,000 पदों पर प्रधानाध्यापकों, विभिन्न कार्यालयों में 2,500 पदों पर लिपिकों और विभिन्न थानों में 10,000 पुलिस कर्मियों की नियुक्ति की जायेगी।

-क्षेत्रीय एवं जनजातीय भाषाओं को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से 10,000 पदों पर भाषा शिक्षकों की नियुक्ति की जायेगी।

-राज्य में मदरसा बोर्ड का गठन किया जायेगा।

-राज्य में अल्पसंख्यक कल्याण बोर्ड एवं उर्दू अकादमी का गठन किया जायेगा।

-राज्य सरकार की सभी नियुक्तियों में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत पद आरक्षित किये जायेंगे।

-राज्य की सभी महिलाओं को मंईयां सम्मान योजना के तहत सम्मान राशि के रूप में 2,500 रुपये हर महीने दिये जायेंगे।

## चैंबर ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज द्वारा विद्युत विभाग के जीएम को किया सम्मानित



**संताल एक्सप्रेस** साहिबगंज।जिला चैंबर ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष चेतन भारतीयों के नेतृत्व में बुधवार को विद्युत विभाग के जीएम का स्वागत कर विद्युत से संबंधित समस्याओं को रखा। वहीं वरिष्ठ सदस्यों द्वारा संथाल परगना के बिजली विभाग के जीएम राकेश प्रसाद से साहिबगंज बिजली ऑफिस में औपचारिक मुलाकात कर श्री प्रसाद को शाल देकर कर सम्मानित किया। साथ ही चेंबर के सदस्यों ने बिजली की बढ़ती दरों पर ध्यान देने के लिए श्री प्रसाद से अनुरोध किया। चेंबर के मीडिया प्रभारी मोनी श्रॉफ ने कहा की राकेश प्रसाद जी व्यवहार के धनी व्यक्ति हैं और शुरू से ही साहिबगंज वासियों पर, साहिबगंज जिला पर उनका विशेष ध्यान रहा है। इस अवसर पर चेंबर के सचिव जयप्रकाश सिन्हा ,रमेश तिवारी एवं चंद्रभान शर्मा एवं अन्य उपस्थित थे।

## विद्यालय में बच्चों का हर सप्ताह होगा आकलन टेस्ट :डीसी



**संताल एक्सप्रेस संवाददाता पाकुड़।** बुधवार को उपायुक्त मनीष कुमार ने जिले के सभी उच्च विद्यालय के शिक्षकों के साथ समाहरणालय स्थित सभागार में बैठक कर प्रोजेक्ट परख की जानकारी दी तथा कहा कि इसका उद्देश्य अगले वर्ष होने वाली बोर्ड परीक्षा में रिजल्ट में सुधार लाना है। इसके लिए विद्यालयों में स्मार्ट बोर्ड को क्रियाशील करना है तथा बच्चों का साप्ताहिक परीक्षा लेकर उनके बुद्धिमत्ता एवं पढ़ाई के प्रति अभिरुचि का आकलन करना होगा इसके लिए प्रत्येक शुक्रवार को प्री टेस्ट छात्रों का एक घंटे का लिया जाएगा। सभी शिक्षको को विद्यालय में न्यूज़पेपर स्टैंड एवं साईकिल स्टैंड बनाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सभी कस्तूरबा आवासीय विद्यालय में मेडिकल रुम की व्यवस्था की जाएगी ताकि किसी छात्रों को तबीयत खराब होने पर तुरंत उसका उपचार किया जा सके। साथ ही सभी प्रखंडों के एक विद्यालय में ऑडिटोरियम का निर्माण किया जाएगा। 13 दिसम्बर को होने वाले परख टेस्ट को लेकर जिला शिक्षा पदाधिकारी को अंग्रेजी एवं गणित का प्रश्न सेट करने का निर्देश दिया गया।

इसके अलावा उपायुक्त ने सभी शिक्षकों को ई-विद्या वाहिनी में प्रतिदिन ससमय अटेंडेंस बनाने हेतु निर्देशित किया। उपायुक्त ने कहा कि वैसे छात्र जिनका अटेंडेंस शून्य है उन्हें बोर्ड परीक्षा का फार्म नहीं भरने दिया जाएगा। विद्यालयों के प्रांगण में गमलों में फूल के पौधे लगाने का निर्देश दिया। मौके पर विशेष कार्य पदाधिकारी त्रिभूवन कुमार सिंह, जिला शिक्षा पदाधिकारी सुश्री अनीता पुरती, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी राहुल कुमार समेत अन्य उपस्थित थे।

## विधायक ने पाकुड़ झारनेट की धीमी गति की समस्या से कराया मुख्यमंत्री को अवगत



**पाकुड़।** बुधवार को पाकुड़ विधानसभा क्षेत्र के नवनिर्वाचित विधायक निसात आलम ने रांची स्थित झारखंड विधानसभा के मुख्यमंत्री कक्ष में नवनिर्वाचित मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात कर पाकुड़ में झारनेट के धीमी नेटवर्क की समस्या से अवगत कराया। उन्होंने इसकी लिखित शिकायत करते हुए बताया कि धीमी नेटवर्क के कारण भूमि संबंधित कार्य प्रभावित हो रहे हैं जिस कारण झारखंड सरकार का वेबसाइट झारभूमि सही तरीके से नहीं चल रहा है । इससे पाकुड़ की जनता को काफी दिक्कतें आ रही है।क्योंकि झारनेट का स्पीड काफी कम है। इससे पाकुड़ में भूमि संबंधित सारे कार्य प्रभावित हो रहे हैं और इसका सीधा असर यहां के जनमानस पर पड़ रहा है । मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने पाकुड़ विधायक निसात आलम को भरोसा दिलाया कि शीघ्र ही सारी व्यवस्थाएं दुरुस्त होगी। इस पर आवश्यक पहल किया जाएगा।

## आपसी रंजिश में एक युवक को चाकू से वार कर किया घायल, दो आरोपी भेजे गए जेल



**उधवा।** राधानगर थाना क्षेत्र के बेगमगंज गांव में आपसी रंजिश में सोमवार शाम को चाकू बाजी कर एक युवक को गंभीर रूप घायल कर देने का मामला सामने आया है। घायल युवक मालदा के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां उनका इलाज चल रहा है।इधर मामले को लेकर चांदना देवी ने राधानगर पुलिस से शिकायत दर्ज कराई है। दिए आवेदन में पांच लोगों को नामजद आरोपी बनाया है। परिवादी ने दिए आवेदन पर बताया कि थाना क्षेत्र के दक्षिण बेगमगंज गांव के उपिन मंडल, प्रसेनजीत मंडल, चिरंजित मंडल, सरिता देवी समेत पांच लोगों ने मिलकर उसके पुत्र विशु मंडल के साथ मारपीट किया और चाकू से हमला कर जख्मी कर दिया। बीच बचाव चंदना देवी के साथ भी मारपीट कर गले से जेवर छीन लिया गय। परिवादी चंदना देवी के बयान पर राधानगर थाना बीएनएस के तहत पांच लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस ने बुधवार को छापेमारी अभियान चलाकर प्रसेनजीत मंडल व चिरंजीत मंडल को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बुधवार को दोनों आरोपी को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। छापेमारी दल में केस के अनुसंधानकर्ता एसआई शिवानंद प्रसाद आदि पुलिस बल शामिल थे।

# अस्पताल मेंभटकती रही महिला अपने बच्चों को लेकर शिशु रोग विशेषज्ञ डॉक्टर रहे नदारद



**संताल एक्सप्रेस संवाददाता साहिबगंज।** सदर अस्पताल में अपने वच्चे का इलाज कराने पहुची महिला शिशु रोग विशेषज्ञ के इंतज़ार में एक घन्टे से अधिक समय तक भटकती रही। लेकिन डॉक्टर साहब नदारद थे। महिला बच्चे को लेकर कभी सामान्य ओपीडी तो कभी ऊपरी मंजिल एसएनसीयू वार्ड का चक्कर काटने को विवश है। महिला अंजुमन नगर की रहने वाली नाजिया खातून है। महिला ने बताया कि वे अपने दो बच्चे को लेकर इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुची। उसका बच्चा को सर्दी-खासी व बुखार है। वे रजिस्ट्रेशन कराने के बाद सीधा ओपीडी में गई। जहां उसे कहा गया कि एसेसनसीयू वार्ड में शिशु रोग विशेषज्ञ से दिखाने को कहा गया। लेकिन जब एसएनसीयू वार्ड में गई तो वहां कोई भी डॉक्टर नही थे। एसएनसीयू वार्ड में संबंधित कर्मी ने उसे दोबारा नीचे सामान्य ओपीडी में भेज दिया। लेकिन सामान्य ओपीडी में भी उसे नही देखा गया है। महिला का आरोप है कि करीब 12:30 बजे तक शिशु रोग विशेषज्ञ नही पहुचे थे। इसके चलते वे घण्टो बच्चो को लेकर भटकती रही। वही यह सदर अस्पताल का पहला मामला नही है कि यहां एसएनसीयू वार्ड में समय पर डॉक्टर पहुचते है। आये ऐसा मामला देखने को मिलता है। जबकि कई बार शिशु रोग विशेषज्ञ नही रहने पर सीएस ने कार्रवाई करते हुए स्पष्टीकरण भी पूछा गया। इसके बाद भी डॉक्टर समय पर अस्पताल नही पहुचते है। इस वजह से दूर-दराज से आये मरीज व परिजनों को भारी मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। जानकारी के अनुसार शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. तरुण कुमार छुट्टी के लिए आवेदन दिए है। इधर प्रशासनिक डीएस डॉ. मुकेश कुमार ने बताया कि इस मामले डॉ. तरुण कुमार से स्पष्टीकरण पूछा गया है। इसमे उन्होंने जवाब में दिया कि वे छुट्टी के लिए आवेदन दिए है। लेकिन इस संबंध में डीएस को कोई जानकारी नही है। न ही आवेदन में स्वीकृति किया गया है। इस मामले में एक दिन का वेतन काटा जाएगा।

## बेटे एवं बहू द्वारा मारपीट करने की वृद्ध ने की थाना में शिकायत

**साहिबगंज।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के महादेवगंज पश्चिम टोला निवासी अर्जुन यादव ने अपने बेटे एवं बहु के विरुद्ध मारपीट को लेकर बुधवार को मुफस्सिल थाना में आवेदन दिया।आवेदन में कहा कि 09 दिसंबर 2024 की रात में करीब 7:30 बजे मेरा पुत्र राज कुमार उर्फ मलेटरी यादव एवं उसकी पत्नी पुनम देवी उर्फ गनिया देवी जो कि मेरे घर के पास ही उसका घर है,उक्त लोगो ने उक्त दिन जबरन मेरे घर में लाठी डंडा और बन्दूक लेकर घुस गए और मुझ पर एवं मेरी पत्नी गंगोत्री देवी को गाली गलौज के साथ जान से मारने की नियत से हमला किया।इस हमला से वह और उसकी पत्नी बूरी तरह से घायल हो गए।उन्होंने कहा कि वे लोग हल्ला करने लगा तो आवाज सुनकर आस-पास के लोग इक्ट्ठा हुए तो दोनो अभियुक्त वहाँ से भाग गए।फिर मेरी पुत्री जो कि मेरे घर से कुछ दूर में रही है,वो आई और हमलोगों का ईलाज साहेबगंज सदर अस्तपाल में करवाई। इस घटना से मैं और मेरा सारा परिवार डरा हुआ है।उन्होंने थाना प्रभारी से दोनो के विरुद्ध उचित कारवाई करने की मांग की।वही थाना प्रभारी ने जांच कर कारवाई करने की बात कही।

## आपूर्ति कार्य को लेकर बिजली महाप्रबंधक ने की बैठक



**संताल एक्सप्रेस साहिबगंज**साहेबगंज ।बुधवार को विद्युत सर्किल कार्यालय मे दुमका विद्युत आपूर्ति क्षेत्र महाप्रबंधक राकेश प्रसाद के नेतृत्व में एक बैठक बुलाई गई थी।जिसमे दुमका के महाप्रबंधक राकेश प्रसाद ने विद्युत विभाग के अधीक्षक अभियंता कार्यालय में समीक्षा बैठक की ओर चल रहे योजना आरडीएसएस, मुजे ,पीएम जुगा योजना,स्कीम में चल रहे कामों के बारे में जानकारी हासिल की।जिसमें कार्य कर रहे एजेंसियों को बुलाकर छुटे हुए टोला ग्रामीण शहर चल रहे कार्यों को निर्धारित समय के पूर्व में काम करने का निर्देशित किया।साथ ही ग्रामीण में शहरी क्षेत्र में अधिक आबादी वाले क्षेत्रों को चिन्हित कर जल्द से जल्द कामों को निपटारा करने को कहा गया।ओर उन्होंने यह भी कहा कि यह सभी कामों को दिसंबर 2025 तक पूरा कर लिया जाएगा।उन्होंने यह भी कहा कि जिस गांव मोहल्ले में बिजली लाइन का पॉल एवं तार चर्च स्थिति में अगर है तो उसे इस स्कीम के तहत जल्द से जल्द पूरा कर लिया जाएगा।इस बैठक में मौजूद विद्युत आपूर्ति क्षेत्र दुमका के महाप्रबंधक राकेश प्रसाद ने विशेष कर राजस्व को लेकर विद्युत विभाग के सभी कार्यपालक अभियंता,सहायक अभियंता कनीय अभियंता के साथ विभिन्न योजनाओं में चल रहे कार्यों की समीक्षा के बारे में विशेष कर राजस्व,बिलिंग,आदि की उगाई पर पूरा ज्यादा ध्यान देने को कहा। वहीं विद्युत अधीक्षण अभियंता नत्थन रजक ने पाकुड,साहिबगंज जिले में चल रहे सभी कार्यों का एक-एक करके समीक्षा किया। उन्होंने जिले के विद्युत कार्यपालक अभियंता, सहायक अभियंता और कनीय अभियंता को कहा कि आप लोग अपने अपने क्षेत्रों में जाकर सभी कामों को पूरा करके जल्द से जल्द मुझे सूचित करें। इस बैठक में मौजूद सब डिविजन कार्यपालक अभियंता शंभूनाथ चौधरी,कार्यपालक अभियंता एमआरटी नीतीश कुमार,तकनीकी कार्यपालक अभियंता सत्यनारायण पात्र,सहायक अभियंता सत्यदेव कुमार,पाकुड़ कार्यपालक अभियंता शैलेन्द्र बेसरा,कनीय अभियंता नीलगगन,दीपक कुमार सिंह, आशीष कुमार पटेल,विदेश मांझी,बीजू विष्णु पूर्ति,सुरेन्द्र प्रसाद मुर्मू, जेई ज्ञान चंद्र,चंद्रन कुमार,लेखा पदाधिकारी मनीष कुमार पाठक,विद्युत डिविजन लेखा सहायक सौरभ जैन,ओर अन्य लोग मौजूद थे।

## लाभुक पर दबाव,पदाधिकारियों को छूट



**संताल एक्सप्रेस साहिबगंज।** शहर में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) घटक-4 के तहत नगर परिषद में निर्माणाधीन पीएम आवासों का निरीक्षण बुधवार को नगर परिषद की टीम ने किया। नगर परिषद के पीएम आवास योजना के जीआईएस विशेषज्ञ राहुल कुमार ने शहर के वार्ड संख्या 23 एवं 25 में अधूरे पीएम आवासों का निरीक्षण किया। पीएम आवास लाभूको के विभिन्न चरणों के निर्माणाधीन अधूरे आवासों का निरीक्षण कर लाभुकों को जल्द से जल्द आवास पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। निरीक्षण के क्रम में सभी लाभूकों का आवास पूर्ण होने पर नगर परिषद को सूचित करने को कहा गया। मौके पर डेएनयूएलएम की सीओ सरवारी खातून, रत्ना गुप्ता एवं मो. इम्तियाज़ आदि थे। यहां बताते चले कि प्रधानमंत्री आवास योजना में नगर परिषद् कर्मचारियों ने अपनी जेब खूब भरी है। जिसका हिसाब लेने वाला कोइ नही है।कही का आवास कही बनाकर तो कही आवास स्वीकृति के बाद किस्ट के पैसों को पास करने के नाम पर रिश्वत बगैरह जैसे कामों को अंजाम देकर।

## दो दिवसीय अभिमुखीकरण कार्यक्रम मनोन्याय का समापन



**संताल एक्सप्रेस साहिबगंज** /मानसिक रूप से बीमार और बौद्धिक अक्षमता से ग्रस्त व्यक्तियों के मानवीय अधिकार एवं मौलिक स्वतंत्रता के संबंध में, नालसा के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वाधान में 10 दिसंबर से व्यवहार न्यायालय परिसर साहिबगंज स्थित लोक अदालत भवन में अखिल कुमार प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार साहिबगंज के मार्गदर्शन में दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया । 11 दिसंबर को उक्त कार्यशाला का समापन किया गया। उक्त कार्यशाला में विश्वनाथ भगत सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार साहिबगंज, अधिवक्ता लालबाबू यादव, सरदार आनंद गोपाल सिंह, गौतम प्रसाद सिंह, कूल्हेंदु प्रसाद, संजय मिश्रा, मुनीलाल मंडल, अजय कुमार, संजय कुमार , एल ए डी सी रविंद्र श्रीवास्तव ,कामिनी शर्मा सहित साहिबगंज,बोरिया,बरहेट, तालझारी प्रखंड, सी डब्लू सी ,साहिबगंज नगर एवं मुफस्सिल थाना , सरकारी अस्पताल से संबंधितदर्जनों पीएलवी उपस्थित थे।

## स्ट्रीट लाईट मांगे जवाब,मेरे नाम कितने का हुआ गमन

**संताल एक्सप्रेस** साहिबगंज शहरी क्षेत्रों में लगे सोलर लाईट खराब हो रहे है। शहर के कई स्थानों पर बीते करीब एक सप्ताह के दौरान कई चौक चौराहों व गलियों में सोलर स्ट्रीट लाईट लगा गया है। जिसमें से अधिकतर लाईट बंद रहते हैं। लगाने के बाद दो चार जले थे और उसके बाद बंद हो गये हैं। जिसे दुरुस्त करने की कवायद नहीं हो रही है। जानकारों की मानें तो सोलर लाईट काफी घटिया क्वालिटी का लगाया गया है। इस कारण लगने के बाद एक दो दिन ठीक ठाक जला उसके बाद से कई सोलर लाईट बंद रहते हैं। इसके अलावे कई ऐसे स्थानों पर सोलर लाईट लगा दिया गया है। जहां सोलर प्लेट पर धूप ही नहीं पड़ती है। इस कारण सोलर चार्ज नहीं हो पाता और शाम को कुछ देर जलने के बाद स्वत बंद हो जाता है। शहर के स्वामी विवेकानंद चौक पर लगा सोलर लाईट एक दो दिन जलने के बाद ही बंद है। ग्रीन होटल के पास का लाईट भी खराब हो गया है।

## नाला में गिरा डाक पार्सल की गाड़ी

मंडरो,साहिबगंज।मिर्जाचौकी पूर्वी रेलवे स्टेशन गेट के सामने पश्चिम रेलवे फाटक कि ओर जाने वाली सड़क किनारे बने नाला में देर रात्रि डाक पार्सल गाडी संख्या. जेएचह्र3एए5119 चौक स्थित नाला में गिर गया। पार्सल गाड़ी का चालक और सहचालक गाडी से कुद कर अपना जान बचाया।वहीं सड़क किनारे पलटी डाक पार्सल गाड़ी को देखने के लिए ग्रामीणों की भीड़ जुट गई।जबकि ग्रामीणों के सहयोग से गाड़ी को नाला से बाहर निकाला गया।तब जाकर सड़क पर आवागमन शुरू हो पाया।जानकारी के मुताबिक यहां पर हमेशा छोटी बड़ी वाहन सड़क किनारे बने नाला मे गिर जाता है। ग्रामीणों के द्वारा इस नाला को मरम्मत के साथ-साथ नाला के ऊपर जल्द से जल्द ढक्कन लगाने की जनप्रतिनिधि व प्रशासन से गुहार लगाया है। ताकि आए दिन इस प्रकार की घटना ना सके।

## बीडीओ सह सीओ ने हॉफ इंच छर्री लोड एक ट्रैक्टर किया जप्त



**मंडरो,साहिबगंज।** मिर्जाचौकी भगैया मुख्य सड़क के नीमगाछी के पास बीडीओ सह सीओ मेघनाथ उरांव के द्वारा बुधवार कि सुबह हाफ इंच स्टोन मेटल लोड लदा एक ट्रैक्टर को पकड़ कर चार नंबर स्थित पार्किंग परिसर में लगाया गया है।इस दौरान जानकारी देते हुए बीडीओ सह सीओ मेघनाथ उरांव ने बताया की क्षेत्र भ्रमण के दौरान सड़क से गुजर रही एक ट्रैक्टर को पुछ-ताछ के लिए रोका गया।तब तक ट्रैक्टर चालक गाडी छोड कर फरार हो गया।वहीं ट्रैक्टर को जब्त कर चार नंबर पार्किंग परिसर में लगाया गया है। बताया की ट्रैक्टर मालिक से चलान व ट्रैक्टर से संबंधित सभी कागजात की मांग कि गयी है। यदि सभी कागजात दिखाता है। तो ठीक है,नहीं तो आगे की कार्रवाई की जाएगी।मौके पर मिर्जाचौकी थाना के एएसआई कासिम शाहा सहित कई पुलिस बल मौजूद थे।

## वृद्ध एवं दिव्यांगजनों के मेडिकल सहायक उपकरण वितरण हेतु लगाया जांच कैंप



**संताल एक्सप्रेस साहिबगंज।** राष्ट्रीय वयोश्री योजना अंतर्गत साहेबगंज सदर प्रखंड कार्यालय में बुधवार को जिला प्रशासन तथा एएलआईएमसीओ ने वृद्ध एवं दिव्यांगजनों के मेडिकल सहायक उपकरण वितरण हेतु जांच कैंप लगाया गया। बताया गया कि राष्ट्रीय वयोश्री योजना (आरवीवाई) के तहत,बीपीएल श्रेणी के वरिष्ठ नागरिकों को शारीरिक सहायता और सहायक उपकरण मुफ़्त में दिया जाएगा।इस योजना का मकसद,उम्र से जुड़ी किसी भी तरह की दिव्यांगता या कमज़ोरी से पीड़ित वरिष्ठ नागरिकों को मदद करना है। इस योजना के तहत,वरिष्ठ नागरिकों को वॉकिंग स्टिक,कोहनी बैसाखी,वॉकर या बैसाखी,ट्राइपॉड या क्वाडपॉड,श्रवण यंत्र,व्हीलचेयर,कृत्रिम डेन्चर एवं चश्मा जैसे सहायक यंत्र उपलब्ध कराया जाता है। लाभार्थी को वैध बीपीएल कार्ड व आयु से जुड़ी किसी बीमारी से पीड़ित हों। दृष्टि हानि,श्रवण हानि,दांतों की हानि या लोको-मोटर विकलांगता जैसी दिव्यांगता हो।वहीं आज नगर परिषद परिसर में यह कैंप लगाई जाएगी।

## चतुर्थ फैमिली स्पेशल ड्राइव में दस मामले का सेटलमेंट

**संताल एक्सप्रेस साहिबगंज**/झलसा के निर्देशानुसार, 9 दिसंबर से 13 दिसंबर तक संजय कुमार उपाध्याय प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय साहिबगंज के मार्गदर्शन में फैमिली कोर्ट से संबंधित मामले को लेकर चतुर्थ फैमिली स्पेशल ड्राइव का आयोजन किया गया है। तीसरा दिन साहिबगंज न्याय मंडल के अंतर्गत कुटुंब न्यायालय से संबंधित10 मामले का सेटलमेंट किया गया। वर्ष 2024 का अंतिम फैमिली कोर्ट से संबंधित मामलों को लेकर स्पेशल ड्राइव चल रहा है ज्ञात होगी 14 दिसंबर को सुबह 10:30 बजे से जिला विभाग न्यायालय परिसर साहिबगंज में नेशनल लोक अदालत का आयोजन जिला विधिक सेवा प्राधिकार साहिबगंज के तत्वाधान में आयोजित किया जाएगा।

## तीनपहाड़ थाना का अपना भवन जल्द से जल्द होः रजनी कान्त

**साहिबगंज ।** जिले के तीनपहाड़ थाना का जल्द से जल्द अपना भवन हो इसके लिए झामुमो क्रीड़ा मोर्चा के पूर्व केन्द्रीय सचिव रजनी कान्त यादव ने जिले के पुलिस अधीक्षक को पत्र लिखकर ध्यान आकृष्ट कराया।उन्होंने पत्र की कॉपी मुख्य सचिव झारखंड सरकार,पुलिस महानिदेशक झारखंड एवं उपायुक्त साहिबगंज को भी भेजा है।श्री यादव ने कहा कि ये तीनपहाड़ थाना वर्षों से अब तक रेलवे के एक छोटे से क्वार्टर में चल रहा है जो बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है,जबकि ये तीनपहाड़ थाना अन्तरराज्यीय सीमा के ख्याल से काफी नजदीक है जो कानून-व्यवस्था के मद्देनजर काफीं महत्वपूर्ण है इसलिए इसका अपना भवन समुचित व्यवस्था एवं आधुनिक तकनीकी के साथ न होना कभी कभी कानून व्यवस्था के लिए कमी साबित होता रहा है।उन्होंने कहा कि अभी हाल ही में तीनपहाड़ थाना क्षेत्र के एक प्रमुख व्यवसायी की दिन-दहाड़े निर्मम हत्या कर अपराधी फरार हो गया जो अब तक पुलिस की गिरफ्त से बाहर है और परिजनों का हाल बुरा है एवं थाना क्षेत्र की आम जनता में भय का वातावरण व्याप्त है।श्री यादव ने कहा कि पिछले समय में थाना के अपने भवन के लिए उन्होंने पहल किया था उसके बाद जिले के तत्कालीन उपायुक्त के अगुवाई में पुलिस अधीक्षक, राजमहल अनुमण्डल पदाधिकारी एवं राजमहल अंचल पदाधिकारी ने तीनपहाड़ थाना क्षेत्र के बभनगामा मोड़ के पास हेल्थ सब सेन्टर के पास अवस्थित जमीन का निरीक्षण कर उपस्थित पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये थे।लेकिन कुछ दिनों के बाद किसने लापरवाही की ये विभागीय पदाधिकारी लोग ही बता सकते हैं।उन्होंने कहा कि तीनपहाड़ थाना का अपना भवन जल्द ही हो ताकि जनता के साथ साथ थाने में कार्यरत पुलिस कर्मियों को भी अपना कर्तव्य को बखूबी निभा सके।

## पेड़ काटने के दौरान 33हजार तार की चपेट में आने से मजदूर की मौत

**संताल एक्सप्रेस साहिबगंज।** जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र अंतर्गत झंडा मेला के समीप बुधवार को पेंड़ काटने के दौरान हाई टेंशन तार की चपेट में आने से एक मजदूर राजू मंडल गंभीर रूप से झुलस गया। परिजनों ने आनन फानन में इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया है। जहां जांच के दौरान डीएस डॉ. मोहन मुर्मू व प्रशासनिक डीएस ने मृत घोषित कर दिया। जहां मृतक झंडा मेला के पास के ही रहने वाले राजू मंडल(45) है। परिजन ने बताते है कि घर के कुछ दूरी पर ही एक व्यक्ति के यहां शीशम के पेड़ काटने के लिए गया था। पेड़ काटने के दौरान हाईटेंशन तार की चपेट में आ गया। और गंभीर घायल हो गया जहाँ इलाज के लिए सदर अस्पताल लाने के दौरान रास्ते मे ही मौत हो गई। मृतक घर मे कमाने वाला एक मात्र सदस्य था। उसकी सभी पुत्री की शादी हो गई। इस घटना से परिवार में दुखो का पहाड़ टूट पड़ा है।वही परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। इधर पुलिस को घटना की सूचना मिलने पर अस्पताल पहुच परिजनों से पूछताछ कर छानबीन में जुटी गई है।

## डीटीओ ने चलाया वाहन चेकिंग अभियान

साहिबगंज /बोरियो थाना क्षेत्र के बोरियो थाना गेट के मुख्य द्वार पर डीटीओ मिथिलेश कुमार चौधरी के नेतृत्व में दो पहिया एवं चार पहिया वाहनों का चेकिंग अभियान चलाया गया। वाहन जांच के दौरान बिना हेलमेट, ट्रिपल लोडेड, बीमा, सहित अन्य जरूरी कागजात की जांच की गई जांच के दौरान 13 दो पहिया एवं 3 पहिया और चार पहिया के 8 वाहनों में से कुल 28,650 रूपए का चालान काटा गया। इस मौके पर एसआई पंकज कुमार सिंह, एमवीआई अभिषेक मुंडा, जिला परिवहन प्रबंधक राजहंस रोड सेफ्टी इंजीनियर अनुज परासर सहित अन्य पुलिस बल मौजूद थे।

## मेंटेनेंस केस में एक गिरफ्तार



**साहिबगंज।** नगर थाना क्षेत्र के कुलीपाड़ा, कृष्णा नगर निवासी जगनलाल पासवान को नगर पुलिस ने गिरफ्तार किया हैं।थाना प्रभारी ने बताया कि जगनलाल के विरुद्ध दुमका न्यायालय से मेंटेनेंस के मामले में वारंट निर्गत था।

पूर्व रेलवे
खुलाउ ठिका खोबोर सं.: 53- एसडीएसटीई-एएसएन-2024-25, तारिक्09.12.2024, वरिष्ट मंडल संकेत आर दुरसंचार अभियंता, पूर्व रेलवे,आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन-713301 होतेते नोवाको कामीय लागित् ते ई-ठिकाये नेवतायेत् काना। कामी रेयाक् ञुतुम/जायगाः आसनसोल मंडल-सीतारामपुर-झाझा शाखा रे स्काडा सिस्टम रेयाक् नियाहाली 12 गोटेच् आडी मारे स्विचिंग पोस्ट आरटीयू रेयाक् बोदोल लागित् ते टेलीकम कामी। ठिका गोनोङः रू.85,83,840.55/, बायना टाकाः रू. 1,71,700/, कामी मुचात् सोमोयःएलओए जारीय रेयाक् तारिक खोन 180 दिन। ठिका बोन्दोक् रेयाक् तारिक आर सोमोयः 03.01.2025 हिलोक् 15.00 बजे। वेबसाइट रेयाक् बिबोरोनः http://www.ireps.gov.in/
ASN-258/2024-25
ठिका खोबोर वेबसाइटः www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in रे हों बेबोसता मेनाक्आ
नोन्डे ञेलल्पेः @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter

## राजनीति में अब नई इबारत लिखेंगी प्रियंका गांधी


देश में पिछले दिनों जहाँ महाराष्ट्र व झारखण्ड में विधानसभा चुनाव संपन्न हुये वहीं विभिन्न राज्यों की कई सीटों पर विधानसभा व लोकसभा उपचुनाव भी कराये गये। इन्हीं में एक केरल की वायनाड संसदीय सीट भी थी जिस पर 2024 के आम चुनावों में राहुल गाँधी रायबरेली के साथ साथ वायनाड से भी विजयी हुये थे। बाद में राहुल को वायनाड सीट छोड़कर रायबरेली की सीट अपने पास रखनी पड़ी। राहुल ने यहाँ 6,47,445 वोट प्राप्त करके 3,64,422 के अंतर से भारी जीत हासिल की थी। इसी सीट पर हुये उपचुनाव में कांग्रेस ने प्रियंका गाँधी को पहली बार लोकसभा चुनाव में उतारा। प्रियंका को यहाँ राहुल गाँधी से भी अधिक मत हासिल हुये और उन्होंने 4 लाख से अधिक वोटों के अंतर से ऐतिहासिक जीत हासिल की। जिस समय प्रियंका की शानदार जीत व संसदीय राजनीति में उनके सक्रिय व अधिकृत प्रवेश की पटकथा वायनाड की जनता लिख रही थी उस समय देश का गोदी मीडिया केवल महाराष्ट्र के चुनाव परिणामों को महिमामंडित करने में लगा था।ग़ौर तलब है कि अपने व्यक्तित्व में अपनी दादी इंदिरा गांधी के दर्शन का एहसास कराने वाली प्रियंका गांधी को पहली बार इतने भारी मतों से उस केरल राज्य के लोगों ने चुना है जोकि देश का सबसे शिक्षित राज्य है। और भरतीय जनता पार्टी तमाम प्रयासों के बावजूद यहाँ अपनी दाल गला नहीं पाती। केरल के लोग भाजपा को वोट क्यों नहीं देते इसपर कांग्रेस या विपक्ष क्या कहता है उससे ज़्यादा अहमियत इस बात की है कि स्वयं भाजपा इस बारे में क्या सोचती है। इस विषय पर जब मार्च 2021 में केरल भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व केरल भाजपा के अध्यक्ष रहे वरिष्ठ नेता राजागोपाल से पूछा गया कि बीजेपी केरल में अपनी राजनीतिक ज़मीन क्यों नहीं तैयार कर पाती। इस प्रश्न के उत्तर में राजगोपल ने कहा, केरल अलग तरह का प्रदेश है। दो-तीन प्रमुख कारण हैं। एक तो यह कि केरल की साक्षरता दर 90 प्रतिशत है। यहां के लोग सोचते हैं, तार्किक हैं। ये शिक्षित लोगों की आदतें हैं। दूसरी बात यह कि केरल में 55 प्रतिशत हिंदू हैं और 45 प्रतिशत अल्पसंख्यक हैं। हर कैलकुलेशन में ये चीज़ आती है। ऐसे में केरल की तुलना किसी और राज्य से नहीं की जा सकती है। केरल भाजपा नेता राजागोपाल द्वारा पेश की गयी इसी थ्योरी को यदि उलट दिया जाये तो समझा जा सकता है कि भाजपा जिन राज्यों में अपना जनाधार बढ़ा रही है उसकी दरअसल वजह क्या है। बहरहाल केरल की शिक्षित जनता ने पहली बार लोकसभा चुनाव लड़ने वाली गाँधी - नेहरू परिवार की बेटी को वायनाड से रिकार्ड विजयश्री दिलवाकर अपना मंतव्य स्पष्ट कर दिया कि देश की शिक्षित व तर्कपूर्ण जनता को गाँधी - नेहरू परिवार की इस बेटी से काफ़ी उम्मीदें जुड़ी हुई हैं। निश्चित रूप से प्रियंका गाँधी ने न केवल दादी इंदिरा गाँधी व पिता राजीव गाँधी के साथ लंबे समय तक प्रधानमंत्री निवास में रहकर राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय राजनीति के गुण सीखे हैं बल्कि पिता राजीव मां सोनिया व भाई राहुल गाँधी के चुनावों में अहम भूमिका निभाकर चुनावी राजनीति में भी पूरी महारत हासिल की है। राहुल गाँधी ने यूँही नहीं कहा था कि यदि प्रियंका 2024 के लोकसभा चुनाव में वाराणसी से नरेंद्र मोदी के विरुद्ध चुनाव लड़तीं तो निश्चित रूप से वे मोदी को पराजित कर देतीं। क्योंकि 2019 में जिस वाराणसी में नरेंद्र मोदी ने 4 लाख 79 हज़ार वोटों के भारी अंतर से जीते दर्ज की थी वह अंतर इस बार घटकर 1 लाख 52 हज़ार रह गया है। यहाँ मोदी के विरुद्ध कांग्रेस के उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ने वाले अजय राय को 4 लाख 60 हज़ार वोट मिले थे। इस लिहाज़ से वाराणसी से मोदी के विरुद्ध प्रियंका की उम्मीदवारी देश की राजनीति की एक नई पटकथा लिख सकती थी। अपनी जीत के बाद पहली बार प्रियंका गांधी ने जिन शब्दों में मतदाताओं का आभार व्यक्त किया वह भी क़ाबिल- ए - तारीफ़ थे। उन्होंने कहा कि 'आपने मुझ पर जो भरोसा जताया है, उसके लिए मैं आपकी बहुत आभारी हूं। मैं यह सुनिश्चित करूंगी कि समय के साथ, आपको वास्तव में यह महसूस हो कि यह जीत आपकी जीत है और जिस शख़्स को आपने अपना प्रतिनिधित्व करने के लिए चुना है वह आपकी उम्मीदों और सपनों को समझता है और आपके लिए लड़ता है। मैं संसद में आपकी आवाज़ बनने के लिए उत्सुक हूं।' निश्चित रूप से देश की जनता भी भारतीय संसद में प्रियंका गाँधी की आवाज़ उनका अंदाज़ तथा उनके द्वारा देशहित में उठाये जाने वाले मुद्दों को सुनने के लिये बेहद उत्सुक है। गत लगभग दो दशक से प्रियंका गाँधी ने कांग्रेस पार्टी के चुनाव प्रचार में अपनी जिस क्षमता व दक्षता का परिचय दिया है उससे कांग्रेस को भी लाभ हुआ है और कांग्रेस जनों में भी उत्साह का संचार हुआ है। प्रियंका गाँधी का संसदीय राजनीति में प्रवेश ऐसे समय में हुआ है जबकि सत्तरूढ़ भाजपा साम दाम दंड भेद सभी तरीक़े अपनाकर सत्ता में बने रहना चाहती है तथा अपने अघोषित अतिवादी एजेंडे पर चलकर अपने सपनों का बहुसंख्यवादी भारत बनाना चाह रही है। जबकि कांग्रेस गाँधी के सपनों के भारत के निर्माण की पक्षधर है। कांग्रेस संविधान व लोकतंत्र की रक्षा की बात करती है। जबकि भाजपा के कई नेता संविधान बदलने की बातें करते रहे हैं। उधर इण्डिया गठबंधन भी 2024 में अच्छा प्रदर्शन करने के बावजूद क्षेत्रीय नेताओं के स्वार्थवश मज़बूत विपक्ष की भूमिका अदा नहीं कर पा रहा। ऐसे में ले देकर कांग्रेस पार्टी से ही देश को न केवल मज़बूत विपक्ष देने की उम्मीदें बंधी हुई हैं बल्कि सत्य अहिंसा व धर्मनिरपेक्ष भारत के निर्माण की आस भी केवल कांग्रेस पार्टी से ही है। राहुल गाँधी निश्चित रूप से अपनी क्षमता से अधिक मेहनत कर सत्ता से मुक़ाबला करने से लेकर पार्टी को मज़बूत बनाने तक के लिये काफ़ी काम कर रहे हैं।

## गीता का कालातीत ज्ञान और परमहंस योगानंद

**विवेक अत्रे**

(गीता जयन्ती पर विशेष)

भारत के बच्चों ने अपने बचपन में जितनी भी कहानियां सुनी हैं, उनमें से महाभारत की कथा ने उन्हें अनेक सदियों से सबसे अधिक आकर्षित किया है। महाभारत-कथा कथानक, उपकथानकों, पात्रों और छलकपट इत्यादि विविध जटिलताओं से पूर्ण है, तथापि इसका सार गीता के सन्देश में निहित है। श्रीमद्भगवद्गीता स्वयं भगवान् द्वारा अपने भक्त महान् पाण्डव योद्धा अर्जुन को प्रदान किये गए कालातीत, युगान्तरकारी और शाश्वत एवं दिव्य धर्मोपदेश की एक अत्यन्त उत्कृष्ट प्रस्तुति है।ऐसा सत्य ही कहा गया है कि एक भक्त किसी समय में अपनी आध्यात्मिक यात्रा के जिस चरण में होता है, श्रीमद्भगवद्गीता यात्रा के उस खण्ड पर अपना प्रकाश डालती है।प्रत्येक वर्ष दिसम्बर के महीने में सम्पूर्ण विश्व में गीता जयन्ती मनाई जाती है और विशेष रूप से इस अवधि में ज्ञानीजन इस महान् ग्रन्थ में निहित गहन विषयों पर प्रकाश डालते हैं।
जब कुरुक्षेत्र की रणभूमि में अर्जुन अपने ही सम्बन्धियों के विरुद्ध युद्ध करने के लिए इच्छुक नहीं थे तथा विषाद की स्थिति में थे, तो प्रत्युत्तर में भगवान् श्रीकृष्ण ने उन्हें अपने रूपान्तरकारी एवं प्रेरक शब्दों के साथ परम सत्य का उपदेश दिया। श्री श्री परमहंस योगानन्द द्वारा रचित पुस्तक ईश्वर-अर्जुन संवाद श्रीमद्भगवद्गीता और उसमें अन्तर्निहित सन्देश की एक अत्यन्त गहन आध्यात्मिक व्याख्या है। योगानन्दजी ने वैश्विक स्तर पर अत्यन्त लोकप्रिय पुस्तक, ÷योगी कथामृत÷ तथा अनेक अन्य अत्यधिक प्रेरणादायक आध्यात्मिक पुस्तकों का भी लेखन किया है।
दो खण्डों वाली पुस्तक ईश्वर-अर्जुन संवाद में योगानन्दजी ने गीता के 700 श्लोकों के वास्तविक महत्व का विस्तृत विश्लेषण किया है। भगवान् श्रीकृष्ण द्वारा अर्जुन को दिए गए दिव्य उपदेश का सार यह है कि हम सब आत्मा हैं, शरीर नहीं, और अन्ततः हमारे भीतर विद्यमान पाण्डवों को हमारे भीतर विद्यमान कौरवों पर विजय प्राप्त करनी होगी, ताकि आत्मा जन्म और मृत्यु के अन्तहीन चक्रों से मुक्त हो सके।
भगवान् ने जिस प्रकार अपने शिष्य अर्जुन को सर्वोच्च युद्ध लड़ने का परामर्श दिया था, उसी प्रकार प्रत्येक





श्री श्री परमहंस योगानंद

मनुष्य को अपने अहंकार, आदतों, क्रोध, बुराई, वासना और भौतिक इच्छाओं पर विजय पाने का प्रयास करना चाहिए, ताकि वह अन्तिम मोक्ष प्राप्त कर सके। योगानन्दजी बताते हैं कि महाभारत का प्रत्येक पात्र एक अद्वितीय गुण का प्रतीक है, जिसे हमें पराजित करना है अथवा उसका पोषण करना है—यह इस बात पर निर्भर करता है कि वह गुण अन्दर विद्यमान दुष्ट कौरवों का प्रतिनिधित्व करता है या नेक पाण्डवों का।
योगानन्दजी की ÷क्रियायोग÷ शिक्षाओं में गीता का मूल सन्देश निहित है। ÷क्रियायोग÷ आत्म-साक्षात्कार का सर्वोच्च मार्ग है। योगदा सत्संग सोसाइटी ऑफ़ इण्डिया (वाईएसएस) द्वारा प्रकाशित योगानन्दजी की गृह अध्ययन पाठमाला में ÷क्रियायोग÷ ध्यान प्रविधियों के विषय में चरणबद्ध निर्देश सम्मिलित हैं। यह योगदा सत्संग पाठमाला सभी सत्यान्वेषियों के लिए उपलब्ध है तथा इस पाठमाला के माध्यम से लाखों भक्तों ने अपनी आध्यात्मिक खोज को तीव्र करने की क्षमता प्राप्त की है।श्रीमद्भगवद्गीता में ध्यान की इस उत्कृष्ट वैज्ञानिक प्रविधि ÷क्रियायोग÷ का दो बार उल्लेख किया गया है। उन्नीसवीं शताब्दी में महावतार बाबाजी की ÷लीला÷ के माध्यम से मानवजाति ने पुनः इसकी खोज की। बाबाजी ने अपने शिष्य और योगानन्दजी के परम गुरु लाहिड़ी महाशय को इसका ज्ञान प्रदान किया। लाहिड़ी महाशय ने स्वामी श्रीयुक्तेश्वर गिरि को ÷क्रियायोग÷ की दीक्षा प्रदान की और तत्पश्चात उन्होंने अपने प्रमुख शिष्य योगानन्दजी को दीक्षा प्रदान की। भारत में एक कहावत है, ÷जहाँ कृष्ण हैं, वहाँ विजय है!÷ वस्तुतः वे लोग अत्यन्त भाग्यशाली हैं, जिन्होंने अपनी जीवनशैली का निर्माण गीता की शिक्षाओं के अनुरूप किया है।
अधिक जानकारी : yssi.org

## क्या संसद के शीतकालीन सत्र में ठोस मुद्दे गुम है और में बात का बतंगड़ वाले मुद्दे ज्यादा हैं !

**अशोक भाटिया**

संसद का शीतकालीन सत्र चल रहा है। 25 नवंबर से शुरू हुआ सत्र अब तक काम से ज्यादा व्यवधान के लिए सुर्खियों में रहा है। विपक्ष और सत्ता पक्ष के बीच गतिरोध जारी है। किसी दिन 10 मिनट तो किसी दिन 15 मिनट सदन चला। आखिर इस गतिरोध के पीछे की वजह क्या है? इससे जनता से जुड़े मुद्दों का कितना नुकसान हो रहा है । ये दुर्भाग्यपूर्ण है कि संसद चल नहीं पा रही है। सिर्फ दो तीन मुद्दे हैं जो महाराष्ट्र चुनाव में उठाए गए थे। वही फिर से दोहराए से जा रहे हैं। जो नारे और जो मुद्दे चुनावी भाषणों में उठाए जा रहे थे, वही सदन में उठाए जा रहे हैं। लोग सकारात्मक बहस देखना और सुनना चाहते हैं। इसमें जितना विपक्ष जिम्मेदार है, उतना ही सत्तापक्ष भी जिम्मेदार है। सदन में ऐसी बातें हो रही हैं, जिनका देश के लोगों से कोई सरोकार नहीं है। पहले यह होता था कि विपक्ष विमर्श से सत्तापक्ष को झुका देता था। प्रश्न यह है कि क्या सांसदों का उद्देश्य सिर्फ संसद को बाधित करना होता है। आजकल यह होता है कि हंगामा जिसने जितना बड़ा कर लिया, वो ज्यादा ताकतवर समझा जा रहा है। ऐसा मत समझिए कि जनता सिर्फ श्रीराम और अल्लाह के नाम पर वोट करती है। सबके जीवन में बुनियादी जरूरतें होती हैं। इसमें सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों की जिम्मेदारी है। गंभीर टिप्पणी करने के लिए बहुत अध्ययन की जरूरत होती है, जो आज के जनप्रतिनिधियों में दिखाई नहीं देती है। सांसदों को भान होना चाहिए कि भारतीय संसद, देश की सर्वोच्च विधायिका, जो जनता की आवाज को बुलंद करने और उनके मुद्दों पर गहन विचार-विमर्श करने के लिए स्थापित की गई थी, पर सांसद आज जनता के मुद्दों को छोड़ दूसरे विषयों पर चर्चा करने में ज्यादा वक्त जाया कर रही है। यानी भारत की लोकतांत्रिक प्रणाली में जो संसद एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है, वहां पिछले कुछ वर्षों में आम जनता से जुड़े मुद्दों पर चर्चा अपेक्षाकृत कम हो गई है।
इसका मुख्य कारण राजनीतिक दलों के बीच बढ़ता टकराव और विभिन्न विवादास्पद मुद्दों पर ज्यादा ध्यान दिया जाना है। देशहित में बड़े-बड़े मुद्दों पर बहस होती है, जिसमें धर्म, संस्कृति और समाज का महत्व शामिल होता है, लेकिन इन तमाम चर्चाओं के बीच, आम जनता के वास्तविक मुद्दे जैसे कहीं खो जाते हैं। विडंबना यह है कि देश की एकता, अखंडता, संविधान और संप्रभुता को बनाए रखने की बात तो की जाती है, लेकिन आम जनता के दुख, पीड़ा और उनकी समस्याओं पर ध्यान नहीं दिया जाता। निश्चित रूप से यह स्थिति चिंताजनक है और इसका निराकरण जरूरी है। मगर, संसद में बहस और चर्चा के लिए फुर्सत नहीं निकाल पाना भी एक बड़ी समस्या बन गई है।कई बार महत्वपूर्ण विधेयकों को जल्दबाजी में पारित किया जाता है, जिससे व्यापक चर्चा और जनता की आवाज सुनी नहीं जाती। इससे आम जनता के मुद्दों पर सार्थक बहस की संभावना कम हो जाती है। इसके अलावा, सांसदों का व्यक्तिगत एजेंडा और राजनीतिक दलों की प्राथमिकताएं भी आम जनता के मुद्दों पर कम ध्यान देने का कारण बन जाती हैं। कई बार सांसद अपने निर्वाचन क्षेत्रों से जुड़े मुद्दों को उठाने के बजाय, राष्ट्रीय राजनीति और पार्टी के हितों पर ज्यादा ध्यान केंद्रित करते हैं। झांसी की घटना को वहां के सांसद ने अब तक नहीं उठाया क्योंकि वो भाजपा से हैं और राज्य में भाजपा की सरकार है। दुःख इसी बात का है कि उन मुद्दों पर पर्याप्त चर्चा नहीं हो पाती, जो आम जनता के जीवन को प्रत्यक्ष रूप से प्रभावित करते हैं। संसद में विभिन्न मुद्दों पर बहस होती है, जिसमें राजनीति, धर्म और सामाजिक विषयों पर जोर दिया जाता है। ये बहस आवश्यक है, क्योंकि ये देश की दिशा और दशा को निर्धारित करती है, लेकिन क्या यह पर्याप्त है? संसद में रोटी, कपड़ा, मकान के अलावा भी कई बुनियादी समस्याएं हैं, जिन्हें सुलझाने की जरूरत है। कहीं गंदगी का अंबार लगा है, पीने का पानी नहीं है, कहीं सड़क टूटी है तो कहीं सड़क ही नहीं है।
बिजली, परिवहन, स्कूल, अस्पताल, पार्क जैसी कई बुनियादी सुविधाओं की मांग को लेकर भी सवाल उठाए जाते हैं, लेकिन उसको कोई तवज्जो नहीं दी जाती है। अलग-अलग क्षेत्रों की समस्याएं भी अलग होती हैं, जिन पर क्षेत्रीय सांसदों का ध्यान केंद्रित होना चाहिए। यह भी सच है कि कई सांसद अपने हिस्से की निधि का पूर्ण उपयोग नहीं कर पाते। इसके बावजूद विपक्ष ने संसद के अंदर जनता के मुद्दों को बुलंद करने की कोशिश की है। यह आवश्यक है कि सभी पार्टियां, चाहे वे सत्ता में हों या विपक्ष में, जनता के मुद्दों को प्राथमिकता दें और उनके समाधान के लिए प्रयासरत रहें।भारत में बेरोजगारी, महंगाई और अन्य सामाजिक समस्याएं, जैसे कि पेपर लीक, किसानों की समस्याएं, और सीमा पर चीन से मिलने वाली चुनौतियां, ऐसे मुद्दे हैं, जिन पर संसद में चर्चा होना जरूरी है। संसद के मानसून सत्र में आरक्षण, वक्फ बोर्ड और अन्य मुद्दों पर चर्चा हुई, लेकिन जनता के कई मुद्दे गौण हो गए, हालांकि सरकार ने रोजगार बढ़ाने और सृजन करने की मंशा व्यक्त की है, लेकिन वास्तविकता यह है कि भारत जैसे विकासशील देश में रोजगार की समस्या अभी भी प्रमुख है।युवाओं में कौशल और प्रशिक्षण की कमी, बेरोजगारी का एक मुख्य कारण है। सरकार ने बजट में युवाओं में उचित कौशल विकसित करने का लक्ष्य रखा है, जिसके लिए शिक्षा, रोजगार और कौशल विकास को प्राथमिकता दी गई है। यदि, भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाना है, तो युवाओं को रोजगार प्रदान करना एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। देश में प्रदूषण, आतंकवाद, सड़क सुरक्षा और निर्माण संबंधी खतरे जैसे प्रमुख मुद्दे हैं, जिन्हें सार्वजनिक हित के मुद्दे कहा जा सकता है। इन मुद्दों को कानूनी ढांचे के भीतर हल किया जा सकता है, लेकिन आज देश में हर जगह परिवारवाद, भाई-भतीजावाद, जातिवाद, आतंकवाद, क्षेत्रवाद, बढ़ती जनसंख्या, महंगाई, बेरोजगारी, जमाखोरी, भ्रूण हत्या, मानव तस्करी, बलात्कार और भ्रष्टाचार जैसी गंभीर समस्याएं बढ़ रही हैं। इन समस्याओं पर नियंत्रण करना बहुत जरूरी है। देश के अंदर किसान लगातार आत्महत्या कर रहे हैं, उनकी फसलें बर्बाद हो रहीं हैं। सड़कों पर दूध और सब्जियां फेंकी जा रही हैं, लेकिन इन मुद्दों पर संसद के अंदर गंभीर चर्चा नहीं होती है। इसके विपरीत, कई विवादास्पद मुद्दों के कारण सांप्रदायिक माहौल बिगड़ रहा है, जो देश की अखंडता के लिए खतरनाक है। राजनीतिक दल भी जनहित के मुद्दों पर चर्चा करने से बचते हैं। पार्षद, विधायक और सांसद अपने क्षेत्रों के विकास पर ध्यान देने के बजाय पार्टी लाइन से चली बड़ी-बड़ी बातें करने में व्यस्त रहते हैं। ऐसा लगता है कि सभी पार्टियों ने जनता की समस्याओं को नजरअंदाज करने की आदत बना ली है। हाल ही में आम आदमी पार्टी की राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल ने यमुना नदी में प्रदूषण का मुद्दा उठाया और कहा कि जब तक दिल्ली में बुद्ध स्तर पर सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट नहीं बनाए जाएंगे, यमुना की स्थिति में सुधार नहीं होगा। उन्होंने इसके लिए केंद्र सरकार के असहयोगात्मक रवैये की ओर ध्यान आकृष्ट किया और दिल्ली सरकार पर भी निशाना साधा। यह बेहद दुखद है कि सदियों से पूजी जाने वाली यमुना नदी आज नाले में तब्दील हो गई है।करीब डेढ़ सौ करोड़ की आबादी वाले इस देश में जनता के बुनियादी हक का मुद्दा सर्वोपरि है, लेकिन दुर्भाग्य है कि हमारे चुने हुए जनप्रतिनिधि आम जनता की आवाज को समझ नहीं पा रहे हैं। संसद या विधानसभाओं में बैठे जनप्रतिनिधियों को यह समझना होगा कि जनता की आवाज को बुलंद करना और उनके मुद्दों का समाधान ढूंढना ही देश का भला कर सकता है। देश के अंदर जो अद्भुत सृजनशीलता और उद्यमिता है, उसे संवारने और नई ऊंचाइयों पर ले जाने की आवश्यकता है। जनता सब देख रही है कि कौन क्या कर रहा है क्योंकि आजकल संसंद की कार्यवाही का सीधा प्रसारण होता है ।

## पाकुड़ की खबरें

### डीसी और एसपी ने हिरणपुर बाजार के मुख्य सड़कों पर अतिक्रमण का किया मुआयना

**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**



हिरणपुर (पाकुड़ )प्रखण्ड मुख्यालय के निकट हिरणपुर बाजार स्थित मुख्य सड़क की अतिक्रमण मुक्त कराने को लेकर उपायुक्त मनीष कुमार एवं पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने बुधवार को मुआयना किया।इसपर लिट्टीपाड़ा बीडीओ सह सीओ संजय कुमार ने उपायुक्त को वन विभाग कार्यालय से सुभाष चौक तक की गई अतिक्रमण को लेकर अवगत कराया। कहा कि बीते दिनों हिरणपुर बाजार के मुख्य सड़क की नापी अंचल कर्मी एवं सरकारी अमीन से कराया गया है।इस दौरान अतिक्रमण भूमि को चिन्हित कर मार्किंग कर दी गई है। इसपर डीसी ने लिट्टीपाड़ा सीओ को निर्देश देते हुए कहा कि अतिक्रमण मुक्त कराने को लेकर प्रक्रिया जल्द करे।वहीं डीसी ने हिरणपुर सुभाष चौक स्थित नेताजी सुभाषचंद्र बोस की गोलंबर की जीर्णोद्धार कराने की निर्देश दिए। इसके अलावे हिरणपुर मवेशी हाट परिसर का मुख्य द्वार का जायजा लिया। इसमें हिरणपुर सीओ सह हाट अधीक्षक मनोज कुमार को मवेशी हाट में बहते घरों का गंदे पानी को बंद करने एवं साफ-सफाई पर निर्देश दिए। इसके अलावे एसपी ने थाना प्रभारी नवीन कुमार को हिरणपुर बाजार में नो एंट्री पालन एवं सड़क जाम से मुक्ति के लिए दिशा निर्देश दिए।मौके पर हिरणपुर बीडीओ टुडू दिलीप, लिट्टीपाड़ा थाना प्रभारी रंजन कुमार, लिट्टीपाड़ा सीआई, अंचल अमीन सहित अन्य कर्मी मौजूद थे।

### महेशपुर प्रखंड क्षेत्र में चला ताबड़तोड़ वाहन जांच अभियान,कई वाहन समेत टोटो जब्त

**संताल एक्सप्रेस संवाददाता** महेशपुर (पाकुड़ )एसडीपीओ विजय कुमार एवं महेशपुर अंचल अधिकारी संजय कुमार सिन्हा के द्वारा डीसी के निर्देश पर विशेष वाहन जांच अभियान चलाया गया। इस वाहन जांच अभियान चलाकर कुल 4 ट्रैक्टर को जब्त किया गया जिसमे अधिक ट्रैक्टर ड्राइवर का ड्राइविंग लाइसेंस नही था । जिसके चलते सभी ट्रैक्टर का भी कागजात भी नही रहने से सभी ट्रैक्टर को जब्त कर थाना में रखा गया । वही महेशपुर थाना प्रभारी सन्नी सुप्रभात के निर्देश पर डीटीओ की टीम के साथ थाना के सामने एएसआई रवि शर्मा एवं कई पुलिस के जवान भी शामिल थे । इन सभी के द्वारा बारी बारी से आने जाने वाले वाहनों की जांच की गई साथ ही डीटीओ कर्मी अमित कुमार एवं अन्य कर्मी के द्वारा कुल 8 टोटो एवं 14 मोटर साइकिल में कुल 76550 रुपए का जुर्माना काटा गया ।मौके पर अचल अधिकारी संजय कुमार सिन्हा ने बताया कि ये अभियान सड़क सुरक्षा के तहत चलाया जा रहा है ।जबकि वाहनों की जांच कर कागजात के अभाव होने पर जब्त कर डीटीओ के द्वारा आवश्यक करवाई किया जाएगा । वहीं थाना प्रभारी सन्नी सुप्रभात ने आने जाने वाली को हिदायत दिया की हेलमेट पहन कर ही बाइक चलाए।

### तम्बाकू उत्पादों की बिक्री में अंकुश लगाने को लेकर जिले के विभिन्न प्रखंडो में चलाया गया जांच अभियान




**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**पाकुड़।** उपायुक्त मनीष कुमार के निर्देशानुसार बुधवार से जिले के विभिन्न प्रखंडो में तंबाकू उत्पादों की बिक्री के विरुद्ध व्यापक अभियान प्रारंभ कर दिया गया है। आज अभियान के तहत विभिन्न प्रखंडो में छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान कई दुकानों पर तंबाकू निषेधात्मक नियमों का उल्लंघन करने के लिए जुर्माना लगाया गया। सभी दुकानों पर सिगरेट व तंबाकू उत्पादों के पैकेटों की जांच की गई तथा नियमों का उल्लंघन कर उत्पादों की बिक्री करने वालों पर जुर्माना भी लगाया गया। सिगरेट व अन्य तंबाकू उत्पादों को जब्त कर मौके पर ही नष्ट भी किया गया एवं दुकानदारों को भविष्य में बिना वैधानिक चेतावनी वाले तंबाकू उत्पाद बिक्री करने पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी।लिट्टीपाड़ा (पाकुड़)उपायुक्त मनीष कुमार के निर्देश पर बुधवार को बीडीओ संजय कुमार ने तंबाकू निषेध कार्यक्रम अभियान चलाकर लिट्टीपाड़ा तिलका मांझी चौक स्थित दर्जनों दुकानों में औचक छापेमारी कर गुटका सिगरेट सहित अन्य नशीली पदार्थ को जप्त कर दुकानदारों से जुर्माना वसूला गया। वही बीडीओ संजय कुमार ने बताया की कार्यक्रम के तहत पूरे प्रखंड क्षेत्र में अभियान चलाया जा रहा है जिसमें कोई भी दुकानदार किसी भी प्रकार की नशीली पदार्थ तंबाकू गुटका सिगरेट बेचते हुए पाए जाने पर जुर्माना किया जा रहा है।उन्होंने बताया अभियान के शुरुआत में दुकानदारों को हिदायत देकर कम जुर्माना वसूला जा रहा है। और दुकानदारों को कड़ी हिदायत दिया जा रहा है कि अगली बार छापेमारी के दौरान दुकानदार से बीड़ी सिगरेट तंबाकू गुटका बेचते हुए पाए जाते हैं तो उस पर ?10000 जुर्माना एवं कानूनी कार्रवाई किया जाएगा।उन्होंने बताया अभियान के तहत कुल 6 दुकानों से ?1200 रूपये का जुर्माना वसूला गया।वही प्रशासन के इस कार्रवाई से दुकानदारों में हड़कम मच गया।दुकानों में छापेमारी होते देख कई दुकानदार आनन -फानन में अपने दुकान से तम्बाकू, सिगरेट , गुटका को हटा लिया।मौके पर थाना प्रभारी रंजन कुमार सिंह सहित अन्य पुलिस एवं अंचल कर्मी उपस्थित थे।उधर महेशपुर प्रखंड क्षेत्र में महेशपुर बीडीओ सिद्धार्थ शंकर यादव एवं अंचल अधिकारी संजय कुमार सिन्हा के द्वारा बुधवार को भगतसिंह चौक एवं अम्बेडकर चौक में विभिन्न दुकानों में तंबाकू के सेवन से बढ़ रहे कैंसर के खतरे को देखते हुए प्रशासनिक स्तर पर इसकी बिक्री पर रोक लगाने के लिए सख्त कदम उठाए जा रहे हैं। नियमों की अनदेखी कर हर चौक-चौराहे पर बिना किसी रोकटोक तंबाकू उत्पादों की बिक्री धड़ल्ले से की जा रही है। ऐसे दुकानदारों को चिन्हित कर कार्रवाई शुरू कर दी गई है। तंबाकू उत्पादों की बिक्री पर रोक के लिए छापेमारी शुरू होने की सूचना पर दुकानदारों में हड़कंप की स्थिति है। अधिकांश दुकानों से गुटखा व खुशबूदार तंबाकू हटा दिए गए हैं या फिर चोरी-छिपे ही उनकी बिक्री की जा रही है। अबतक की छापेमारी में दुकानदारों से 200 रुपए का जुर्माना वसूल किया जा रहा है। प्रशासनिक सख्ती का असर बाजारों में दिख रहा है।तंबाकू उत्पाद की बिक्री करने वालों के साथ सख्ती से निपटा जाएगा। सभी सीओ को इस बावत स्पष्ट गाइड लाइन जारी किया गया है।

### बिना कागजात के दो बालू लदा ट्रैकर जब्त



महेशपुर (पाकुड़ ) सीओ संजय कुमार सिन्हा ने थाना प्रभारी सन्नी सुप्रभात के साथ मिलकर अंचल क्षेत्र भ्रमण के दौरान बलियापतरा व रोलाग्राम गांव के समीप बिना कागजात के दो बालू लदा ट्रैक्टर जब्त किया है।वही सीओ सह वादी संजय कुमार सिन्हा के लिखित आवेदन के आधार पर स्थानीय थाने में अवैध बालू लदा ट्रैक्टर के मालिक व चालक के खिलाफ सुसंगत धाराओं के तहत मामला दर्ज करते हुए पुलिस आगे की कार्यवाही करने जुटी हुई है।

### सरिया लदा ट्रक हुआ ब्रेक फैल असंतुलन होकर सड़क के नीचे जा पलटा

लिट्टीपाड़ा(पाकुड़ )थाना क्षेत्र के लिट्टीपाड़ा हिरणपुर मुख्य सड़क करियोडीह बादल चौक के समीप बुधवार को सरिया लदा ट्रक का ब्रेक फैल होने से गाय को बचाने के दौरान ट्रक असंतुलित होकर सड़क से नीचे जाकर पलट गया। हालांकि घटना में चालक और उप चालक बाल बाल बच गया। मिली जानकारी के अनुसार ट्रक संख्या जेएच 02 एएक्स 1674 कोडरमा से सरिया लेकर पाकुड़ जा रहा था की बादल चौक के समीप अचानक ट्रक का ब्रेक फैल होने के कारण चालक ने ट्रक को संतुलित नही कर पाया और ट्रक सड़क से नीचे जाकर पलट गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की जांच में जुट गया है।

### प्रसाशन ने तम्बाकू ,धूम्रपान बिक्री के विरुद्ध चलाया छापेमारी अभियान

**हिरणपुर (पाकुड़ )** प्रखण्ड मुख्यालय के निकट हिरणपुर बाजार स्थित सार्वजनिक स्थानों पर तम्बाकू एवं धूम्रपान सेवन एवं बिक्री के विरुद्ध छापेमारी अभियान चलाया गया। उपायुक्त मनीष कुमार के निर्देश पर हिरणपुर बीडीओ टुडू दिलीप, सीओ मनोज कुमार, थाना प्रभारी नवीन कुमार ने संयुक्त रूप से नशा मुक्ति अभियान चलाया।इस दौरान बाजार के दर्जनों सार्वजनिक स्थानों के दुकानों पर तम्बाकू पदार्थ एवं गुटखा बिक्री पर छापेमारी चलाया।इसमें कई दुकानों से तम्बाकू पदार्थ जब्त किया गया। वहीं सार्वजनिक स्थल पर धूम्रपान सिगरेट एवं अन्य तम्बाकू उत्पाद (विज्ञापन का प्रतिषेध ओर व्यपार तथा वाणिज्य, उत्पादन, प्रदाय ओर वितरण विनियमन की धारा 21 के तहत 200 रुपया का जुर्माना वसूला गया। इस बावत सीओ मनोज कुमार ने बताया कि दुकानदारों को सार्वजनिक स्थलों पर सेवन एवं बिक्री पर कड़ी हिदायत देते हुए जुर्माना वसूला गया।यह अभियान निरंतर जारी रहेगी।

### डीएवी स्कूल के बच्चों ने मनाया पिकनिक



**पाकुड़ ।** बुधवार को स्थानीय विद्यालय डी ए वी पब्लिक स्कूल के वर्ग एल के जी से षष्ठम तक के बच्चों के लिए शीतकालीन पिकनिक का आयोजन बैंक कॉलोनी स्टेडियम में किया गया। पिकनिक के दौरान बच्चों ने नृत्य, सामूहिक गान, खेल, म्यूजिकल चेयर प्रतियोगिता, क्रिकेट, आदि गतिविधियों का आयोजन किया गया। बच्चों द्वारा विभिन्न प्रकार के पकवान एवं अन्य पैकेट युक्त खाद्य सामग्री को सहपाठियों के साथ खाया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकों द्वारा भी बच्चों के बीच टॉफी, चॉकलेट आदि का वितरण किया गया। पिकनिक के दौरान पहुंचे विद्यालय प्राचार्य डॉ विश्वदीप चक्रवर्ती ने बताया कि ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन विद्यालय के सभी वर्ग के बच्चों के लिए किया जाएगा। उन्होंने आगे बताया कि ऐसे कार्यक्रमों के आयोजन से बच्चों में खुशी और उमंग की भावना बनी रहती है। जो बच्चों के बीच रचनात्मक कार्यों के प्रति जागरूकता बढ़ाती है। इस आयोजन में बच्चों के वर्ग शिक्षक एवं शिक्षिका के साथ वरिष्ठ शिक्षक डी के देव, गोपाल विश्वास, अंकिता कुमारी, पापीय बनर्जी, तारक नाथ चटर्जी एवं विद्यालय के मीडिया प्रभारी संजय कुमार यादव का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# सेविका व सहिया के रिक्त पदों पर जल्द से जल्द करें नियुक्ति : डीसी

संवाददाता



**देवघर।** डीसी विशाल सागर की अध्यक्षता में आज मंगलवार को समाहरणालय सभागार में समाज कल्याण विभाग द्वारा किये जा रहे कार्यों की विस्तृत समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान उपायुक्त ने समाज कल्याण विभाग द्वारा किये जा रहे विभिन्न कार्यों की समीक्षा करते हुए पोषण ट्रैकर के माध्यम से जिला, प्रखण्ड व पंचायत स्तर पर की जा रही गतिविधियों एवं अपलोड किये जा रहे आंकड़ों की समीक्षा करते हुए सभी आंकड़ों का समय-समय पर क्रॉस वेरिफिकेशन कराने का निदेश संबंधित अधिकारी को दिया। आगे डीसी ने संबंधित अधिकारियों, सीडीपीओ,महिला परिवीक्षा को क्षेत्र निरीक्षण कर आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों को दी जा रही सुविधा, खेल के समान, पूरक पोषाहार की स्थिति को बेहतर बनाने का निर्देश दिया। इसके अलावा बैठक के दौरान डीसी विशाल सागर ने सावित्री बाई फूले किशोरी समृद्धि योजना,पोषाहार वितरण, मुख्यमंत्री कन्यादान योजना, प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना,बच्चों व महिलाओं को टीकाकरण तहत किये जा रहे कार्यों की समीक्षा करते हुए जिला समाज कल्याण पदाधिकारी के साथ-साथ सभी बाल विकास परियोजना पदाधिकारी एवं महिला पर्यवेक्षिकाओं को कड़े शब्दों में निदेशित किया कि जमीनी स्तर पर कार्य करते हुए शत प्रतिशत कार्यों का पालन सुनिश्चित करें। साथ ही उपायुक्त ने जिले के सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों को ससमय खोलने एवं सेविका, सहिया द्वारा किये जा रहे कार्यों का निरीक्षण व क्षेत्र भ्रमण सुनिश्चित करें। इसके अलावे बैठक के दौरान डीसी ने जिले के कुपोषण उपचार केंद्र (एमटीसी) की वास्तुस्थिति से अवगत हुए और कुपोषित बच्चों को कुपोषण उपचार केंद्र में भर्ती कराते हुए आवश्यक सभी सुविधा मुहैया कराने का निदेश अधिकारियों को दिया। समीक्षा बैठक के दौरान डीसी विशाल सागर ने समाज कल्याण से संचालित विभिन्न योजनाओं के शिथिलता पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित अधिकारियों को बेहतर कार्यशैली के साथ जमीनी स्तर पर कार्य करने का निदेश दिया, ताकि महिलाओं एवं बच्चों के लिए संचालित योजनाओं का लाभ पारदर्शी तरीके से मिल सके। वहीं उन्होंने सभी प्रखण्डों के बाल परियोजना पदाधिकारी एवं महिला पर्यवेक्षिकाओं को क्षेत्र निरीक्षण कर योजनाओं की गति से डीसी कार्यालय को अवगत कराने का निदेश दिया। साथ ही डीसी द्वारा जिले को कुपोषण मुक्त बनाने के उद्देश्य से गर्भवती महिलाओं को समय पर पौष्टिक आहार वितरण व टीकाकरण कराने का निदेश दिया गया। आगे उन्होंने संबंधित अधिकारियों व कर्मियों को निदेशित करते हुए कहा कि समाज के निर्माण व कुपोषण को दूर करने में जिला समाज कल्याण विभाग का बेहद महत्वपूर्ण योगदान है। इस लिए आवश्यक है कि आप सभी अपने द्वारा किये जाने वाले कार्यों को गंभीरता से लें, ताकि निर्धारित समय पर कार्यों को पूर्ण करते हुए संबंधित लाभुकों को लाभ देना सुनिश्चित किया जा सके। आगे डीसी ने जिला अन्तर्गत सरकारी भवनों, पंचायत भवनों एवं निजी भवनों में चलने वाले आंगनबाड़ी केन्द्रों की स्थिति की समीक्षा करते हुए, जिन क्षेत्रों में नये आंगनबाड़ी केन्द्र बनाने हेतु प्रस्ताव है वहां सरकारी जमीन चिन्हित कर डीसी कार्यालय को अवगत कराने का निदेश दिया,ताकि नये आंगनबाड़ी केन्द्रों का निर्माण कराया जा सके।

# सभी मुख्य मार्ग और विभिन्न क्षेत्रों का नगर आयुक्त ने किया निरीक्षण

संवाददाता



**देवघर।** नगर निगम क्षेत्र के सभी मुख्य मार्ग का निरीक्षण नगर आयुक्त सह प्रशासक के द्वारा किया गया।सहायक नगर आयुक्त गौरव कुमार, प्रकाश मिश्रा नगर प्रबंधक, कन्हैया राम, जय प्रकाश द्विवेदी के द्वारा किया गया।रिमांड हॉल का भी निरीक्षण नगर आयुक्त के द्वारा किया गया जिसमें नगर आयुक्त द्वारा रोड की सफाई, नाली की सफाई प्रत्येक दिन करने का निदेश संबंधित को दिया,साथ ही निरीक्षण के दौरान यह भी पता चला कि सभी दुकानों के द्वारा कचरा रोड के किनारे फेक दिया जाता है।इसलिए निगम के द्वारा निगम क्षेत्र के अंतर्गत सभी दुकानों को डस्टबीन रखना अनिवार्य होगा और निगम की गाड़ी में ही कचरा देना अनिवार्य होगा. कूड़ादान नहीं रखने पर झारखंड नगर पालिका अधिनियम के तहत जुर्माना किया जाएगा।

# संविधान रक्षक अभियान के लिए कांग्रेस ने नियुक्त किए प्रखंड व नगर में प्रभारी

संवाददाता

**देवघर।** पिछले एक दशक में केंद्र की भाजपा नेतृत्व वाली सरकार द्वारा संविधान की नींव को कमजोर करने और सामाजिक न्याय,समानता और लोकतंत्र के प्रति इसकी प्रतिबद्धता को कम करने का व्यवस्थित प्रयास किया जा रहा है। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस हमेशा संविधान में निहित मूल्य की रक्षा के लिए खड़ी रही है। संविधान की रक्षा और इसके सिद्धांतों के प्रति पार्टी के समर्पण पर जोर देने के लिए पूरे देश में कांग्रेस पार्टी द्वारा 26 नवंबर 2024 से 26 जनवरी 2025 तक 60 दिवसीय राष्ट्रव्यापी अभियान शुरू की गई है। 60 दिनों का लक्षित अभियान ÷संविधान रक्षक अभियान÷ पांच प्रमुख विषयों के आसपास आयोजित की गई है।जिसमें संविधान और समानता की लड़ाई,संविधान द्वारा गारंटी कृत आरक्षण की सुरक्षा, भेदभाव का उन्मूलन एक मुख्य संवैधानिक मूल्य,गरीबों के संविधान के विरुद्ध पूंजीवादी सरकार तथा संविधान द्वारा गारंटीकृत लोकतंत्र स्वतंत्रता को बचाऐं विषय को लेकर कांग्रेस के हर एक कार्यकर्ता संविधान रक्षक अभियान को जनता तक प्रभावी ढंग से पहुंचने के लिए जिला और प्रखंड स्तर की कांग्रेस इकाइयों,प्रकोष्ठों,विभागों और अग्रणी संगठन विभाग को संगठित करते हुए रेलिया,घर-घर जाकर संपर्क करने,मीडिया से जुड़ने और जमीनी स्तर पर चर्चाओं के माध्यम से अभियान को हर एक लोगों के साथ जुड़ना और विशेष रूप से एससी,एसटी,ओबीसी, अल्पसंख्यकों,विमुख जनजातीय, महिलाओं,बुजुर्गों युवाओं का हाशिए पर होने को उजागर करना है। कार्यक्रम का सफल संचालन हेतु जिला अध्यक्ष प्रो उदय प्रकाश के द्वारा सभी प्रखंड तथा नगरों में प्रभारी नियुक्त किए गए हैं।

# इस्कॉन देवघर में श्रीमद् भागवतगीता की 5161 वीं जयंती पर कार्यक्रम का आयोजन

संताल एक्सप्रेस संवाददाता



**देवघर।** देवघर जसीडीह मुख्य मार्ग पर डावर ग्राम के समीप स्थित इस्कॉन देवघर में आज श्रीमद् भागवतगीता की 5161 वीं जयंती के अवसर पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसकी शुरुआत सुबह 9:30 बजे से विशेष कीर्तन के साथ हुई। इस अवसर पर इस्कॉन देवघर के प्रमुख श्रीनिवास गोपाल दास ने गीता जयंती के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया मार्ग--शीर्ष माह के शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि को गीता जयंती के रूप में मनाया जाता है। कुरुक्षेत्र की रणभूमि में भगवान श्री कृष्ण ने इस दिन ही अर्जुन को जो उपदेश दिए थे. उसे गीता कहा जाता है श्रीमद्भागवत गीता हिंदुओं का पवित्र ग्रंथ है और गीता जयंती समारोह श्रीमद् भागवत गीता के जन्म को समर्पित है। गीता जयंती को मनाने का मकसद भगवान कृष्ण के उपदेश को याद करना एवं उनका पालन करना है। गीता जयंती पर गीता पाठ करने से भगवान कृष्ण का विशेष आशीर्वाद प्राप्त होता है। गीता जी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए गीता के नित्य पाठ करने एवं जीवन में अंगीकार करने का आह्वान किया। गीता पाठ करने मात्र से मनुष्य का कल्याण हो जाता है इसलिए की गीता साक्षात भगवान योगेश्वर के मुखारविंद से निकली हुई बनी है। इस अवसर पर आनेंको कार्यक्रम जिसमें गीता महायज्ञ एवं गीता पारायण आयोजन किया गया। इस्कॉन अनुयाई एवं आम जनता इस यज्ञ में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया एवं हवन में आहुति प्रदान की गीता पारायण में भी इस्कॉन अनुयायियों एवं आम जनता द्वारा सामूहिक रूप से गीता के 18 अध्याय जिसमें 700 श्लोक हैं सभी 700 श्लोक का सामूहिक पाठ किया गया।

# डीसी ने जनता दरबार में ग्रामीण व शहरी क्षेत्र के लोगों से की मुलाकात



संवाददाता

**देवघर।** डीसी विशाल सागर की अध्यक्षता में आज बुधवार को जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस दौरान डीसी ने जिले के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों से मुलाकात कर उनके समस्याओं से अवगत हुए। साथ ही डीसी द्वारा उपस्थित सभी लोगों से एक-एक कर उनकी समस्याएँ सुनी गयी एवं आश्वस्त किया गया कि संज्ञान में आए हुए सभी शिकायतों की जाँच कराते हुए जल्द से जल्द सभी का समाधान किया जाएगा। इसके अलावे जनता दरबार के दौरान विभिन्न आवेदन शिकायत के रूप में आये, जो कि जिले के विभिन्न विभागों एवं अन्य समस्याओं से संबंधित थे। ऐसे में जनता दरबार में सभी शिकायतकर्ता की समस्याएँ को सुनने के पश्चात डीसी विशाल सागर ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को निदेशित किया कि सभी आवेदनों का भौतिक जांच करते हुए,उसका समाधान जल्द से जल्द करें। इसके अलावे उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि इन शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए एक सप्ताह के अंदर अपना प्रतिपुष्टि उपायुक्त कार्यालय को समर्पित करें।

# सड़क हादसे में आठ गंभीर रूप से घायल

संवाददाता


**देवघर।** दुमका जिला के सरैयाहाट इलाके में हुए सड़क दुर्घटना में बाइक सवार तीन व्यक्ति घायल हो गया। घायलों में रामचरित्र साह, नीलचंद कुमार साह और मनी शंकर साह के नाम शामिल हैं। तीनों सरैया हाट थाना क्षेत्र के तितमो गावं का रहने वाला है। परिजनों ने बताया की तीनों एक ही बाइक पर सवार होकर सरैयाहाट बाजार से शाम को घर लौट रहा था। उसी दौरान पीछे से एक पिकअप वेन के चालक ने तेज गति से वाहन को चलाते हुए धक्का मार दिया। इस घटना में तीनों गंभीर रूप घायल हो गया। पहले इलाज के लिए सरैयाहाट स्थित अस्पताल ले गए। जहां प्राथमिक उपचार के बाद देर शाम को देवघर सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। जिले के मार्गोमुण्डा थाना क्षेत्र के कैराकुण्डी मोड़ के पास एक चार चक्का वाहन ने पीछे से एक बाइक में धक्का मार दिया। इस घटना में बाइक सवार सुरेन्द्र हेमब्रम और मोहन सोरेन घायल हो गया जो मार्गोमुण्डा थाना क्षेत्र के लालपुर का रहने वाला है। दोनों को पहले इलाज के लिए मधुपुर अस्पताल ले जाया गया। जहां से बेहतर इलाज के लिए बुधवार की सुबह देवघर सदर अस्पताल भेज दिया गया। परिजनों ने बताया की दोनों बाइक से मंगलवार की शाम को प्रतापपुर गावं से मजदूरी कर वापस लौट रहा था। उसी क्रम में कैराकुंडी मोड़ के नजदीक चार चक्का वाहन ने पीछे से धक्का मार दिया। बुधवार की सुबह कुंडा थाना क्षेत्र के शहीद आश्रम रोड में अनियंत्रित बाइक से गिरकर एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल का नाम अभिषेक कुमार है जो शहीद आश्रम रोड इलाके का रहने वाला है। उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया गया। अन्य स्थानों पर हुए सड़क दुर्घटना में कुंडा निवासी सुमन कुमार तथा नावाडीह निवासी मिथुन कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया। सभी का इलाज देवघर सदर अस्पताल में किया जा रहा है।

# एड्स मरीजों के साथ छुआछूत की भावना रखना अपराध : डालसा



**देवघर।** विश्व एड्स दिवस 2024 के अवसर पर जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन सदर अस्पताल के सभागार में डालसा सचिव मयंक टोपनो, प्रभारी सिविल सर्जन सह प्रभारी अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ पी के शर्मा जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉक्टर संचयन जिला कुष्ठ निवारण पदाधिकारी डॉ एम के गुप्ता,जिला वी बी डी पदाधिकारी डॉ अजय यादव उपाधीक्षक सदर अस्पताल डॉ प्रभात रंजन के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित करके किया गया। इस अवसर पर डॉ पीके शर्मा द्वारा बताया गया कि एचआईवी एड्स बीमारी असुरक्षित यौन संबंध एक प्रमुख कारण है। दूषित रक्ताधान से एचआईवी एड्स होता है। सदर अस्पताल में एड्स जाँच मुफ्त किया जाता है। इस अवसर पर डॉ रवि रंजन डॉक्टर शरद,जिला कार्यक्रम समन्वयक प्रवीण कुमार सिंह,एस टी टी राजेश रॉय,सुधांशू पाण्डेय, एएनएमटीसी से दिव्या ज्योति बीटीटी शंकर दयाल,कासिम अंसारी,शीला देवी,लखन लाल सिंह,राजन हजरा,सदर अस्पताल काउंसलर अंजन कुमार,लैब टेक्नीशियन बबलू दास,प्रभात कुमार आदि उपस्थित थे।

## उमरा के लिए जत्था मधुपुर स्टेशन से हुआ रवाना



**मधुपुर।** दो महिलाओं सहित चार लोगों का जत्था हज-उमराह के लिए मधुपुर स्टेशन से गोड्डा-दिल्ली साप्ताहिक एक्सप्रेस ट्रेन से दिल्ली के लिए रवाना हुआ.वहां से ये सभी जेद्दा के लिए प्रस्थान करेंगे। उमरा पर जाने वालों में देवीपुर थाना क्षेत्र के बरमुका गांव के मो. मंसूर आलम और उनकी पत्नी मेमुना खातून तथा जगमनिया गांव के मो. जेनुल और अमीना खातून शामिल हैं। स्टेशन पर विदाई के लिए लोगों की भारी भीड़ उमड़ी थी। सभी ने गले लगाकर, फूल-मालाएं पहनाकर, अपने वतन और परिवार की खुशहाली के लिए दुआएं मांगी। विदाई का यह पल भावुक करने वाला था, जहां हर चेहरे पर खुशी और आशीर्वाद का भाव था। इस मौके पर फिरोज अंसारी, अशरफ अली, मोहम्मद नसीम, मोहम्मद लुकमान, मो. जुल्फकार, मो. जुनैद, प्यार मोहम्मद, मोहम्मद आरिफ, नसीम अंसारी, शमीम अख्तर, मोहम्मद असलम और वसीम अख्तर सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे।

## विद्यालय प्रबंधन समिति के गठन में विवाद



**मधुपुर।** मधुपुर प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय पटवा बाद में बुधवार को विद्यालय प्रबंधन समिति के गठन के लिए आमसभा का आयोजन किया गया। यह सभा प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी के निर्देशानुसार आयोजित की गई थी। सभा के दौरान ग्रामीणों के बीच सदस्यों के चयन को लेकर विवाद उत्पन्न हो गया। बढ़ते विवाद को देखते हुए चुनाव प्रक्रिया को स्थगित करना पड़ा। संबंधित पदाधिकारियों ने स्थिति को नियंत्रण में रखने और विवाद को सुलझाने के लिए सभी पक्षों से शांति बनाए रखने की अपील की है। प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी का कहना है कि समिति गठन की प्रक्रिया को जल्द ही विवाद समाप्त होने के बाद पुनः आयोजित किया जाएगा,ताकि विद्यालय प्रशासन को सुचारु रूप से संचालित किया जा सके।

## मनरेगा में काम मांगो अभियान को लेकर बैठक

**मधुपुर।** मार्गोमुंडा प्रखंड अंतर्गत पंचायत भवन सुग्गा पहाड़ी परिसर में अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के सहयोग से प्रेरणा भारती की संभव परियोजना के तहत श्रमिक मंच सुग्गा पहाड़ी ने पंचायत स्तरीय हितधारकों की बैठक आयोजित की। इस बैठक की अध्यक्षता चिकिनिया के वार्ड सदस्य प्रतिनिधि श्याम सुंदर सिंह ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ आगंतुक जनप्रतिनिधियों,महिलाओं और युवा ग्रुप लीडरों के स्वागत से हुआ,जिसे अरुण कुमार निर्झर ने संबोधित किया।

# डीएवी सातर के बच्चों ने किया शैक्षणिक परिभ्रमण



संवाददाता

**देवघर।** गीता देवी डीएवी पब्लिक स्कूल, भंडारकोला के बच्चों को स्कूल के पाठ्यक्रम के बाहर नई जगहों, संस्कृतियों और अनुभवों का पता लगाने के उद्देश्य, सामाजिक और भावनात्मक विकास को बढ़ावा देने और छात्रों को वास्तविक जीवन की स्थितियों से परिचित कराने के उद्देश्य से शैक्षणिक परिभ्रमण के लिए ले जाया गया। अलग-अलग कक्षाओं और उम्र के मद्देनज़र उन्हें फूड एंड क्राफ्ट इंस्टिट्यूट, देवघर रेलवे स्टेशन, नंदन पहाड़ और अटल स्मृति पार्क ले जाया गया।

कक्षा बारहवीं के बच्चों ने फूड एंड क्राफ्ट इंस्टिट्यूट में होटल मैनेजमेंट से संबंधित जानकारी को प्राप्त किया और अपनी बोर्ड की परीक्षा के बाद इस क्षेत्र में अपने कैरियर को तलाशने हेतु वृहद जानकारी इकट्ठा किया। कक्षा पांचवी के बच्चों को देवघर रेलवे स्टेशन का भ्रमण करवाया गया जहां पर उन्हें रेलवे स्टेशन की संपूर्ण जानकारी दी गई |किस तरह से रेल का परिचालन होता है इसके बारे में बच्चों ने बहुत कुछ सीखा। कक्षा तीन के बच्चों को नंदन पहाड़ और कक्षा दो के बच्चों को अटल स्मृति पार्क ले जाया गया जहां उन्होंने अपने किताबी ज्ञान के अलावा वास्तविक जीवन के संदर्भ में विषयों का अनुभव प्राप्त किया । इस परिभ्रमण में बच्चों के साथ डॉ. आर.के. सिन्हा,संदीप शांडिल्य,आशुतोष कुमार, अंजू कुमारी, श्वेतांक,संगीता बनर्जी,प्रियश्री वर्मा, रूपा कुमारी,विजेता मिश्रा,रुमाना इकबाल,प्रीति कुमारी,सी.तिवारी ,मोहन कुमार यादव ,आरती कुमारी, अमृता लक्ष्मी ,उर्वशी वत्स , स्मिता कुमारी, शिव शंकर साह, सुचित घोष ,राहुल कुमार ,सीमांत दत्ता, सोनी कुमारी ,पार्वती पंडित, पी के चौधरी, सुनील जी रूबी जी मौजूद थे।

## जसीडीह आरपीएफ ने रेलवे- स्टेशन परिसर में चलाया जागरूकता अभियान



**देवघर संताल एक्सप्रेस।** आरपीएफ जसीडीह द्वारा रेलवे स्टेशन परिसर में जागरूकता अभियान चलाया, महिला एवं बच्चों की सुरक्षा मानव तस्करी ट्रेस्पासिंग, नशाखुरानी, से अवगत कराते हुए जागरूक किया. वहीं चलती ट्रेन में अनावश्यक रूप से जंजीर खींच कर ट्रैन ना रोकने, जहाँ-तहा रेल लाइन पार ना करने एवं बंद रेलवे गेट को ना पार करने, ट्रैन पर पत्थर न मारने और महिला बोगी में पुरुष को यात्रा ना करने हेतु अपील किया, ताकि किसी के साथ कोइ अप्रिय घटना ना घटे, साथ ही यह भी बतया गया की यह एक दंडनीय अपराध हैं पकड़े जाने पर जुर्माना भी हो सकता हैं जागरूक करते हुए अपील किया की ट्रैन या रेलवे परिसर में कोइ संदिग्ध व्यक्ति या वस्तु दिखने पर तुरंत आरपीएफ को 139 हेल्पलाइन नम्बर पर सूचित करने हेतु अपील किया गया मौके पर आरपीएफ इंस्पेक्टर सुनील कुमार,एएसआई कुमार साहिल आदि आरपीएफ के जवान उपस्थित थे.

## कृषि कॉलेज में वार्षिक खेल कूद प्रतियोगिता

**देवघर।** मोहनपुर प्रखंड क्षेत्र के बैजनडीह स्थित रवींद्रनाथ टैगोर कृषि महाविद्यालय देवघर में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन बड़े ही धूमधाम से किया गया. जिसमें अध्यनरत सभी सत्र के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया.कृषि कॉलेज के एसोसिएट डीन डॉ. असीम कुमार मंडल ने फीता काट कर और दीप प्रज्वलित कर विधिवत वार्षिक खेल प्रतियोगिता का उद्घाटन किया. कृषि कॉलेज के डीन डॉ.असीम कुमार मंडल ने बताया कि खेलने से शरीर की ताजगी बनी रहती है और शरीर स्वस्थ रहता है। वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता के पहले दिन जैवलिन थ्रो, शॉट पुट,हाई जंप,लॉन्ग जंप, डिस्कस थ्रो,कबड्डी,आदि खेलों का आयोजन किया गया। मंच का संचालन खेल कोर्डिनेटर डॉ अखिलानंद दुबे ने किया.तारा शंकर,सर्वेश कुमार,जय प्रकाश,प्रियंका नंदी,रेमा दास, अदिति एलिजा तिर्की,प्रमीत पंडित,चमन कुमार,सूरज माली उपस्थित थे।

## तम्बाकू मुक्त युवा अभियान को लेकर चला जागरूकता अभियान



**देवघर संताल एक्सप्रेस।** राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत बुधवार को उत्कर्मित उच्च विद्यालय, जियाखड़ा, सारवा,देवघर में तंबाकू निषेद पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों को तंबाकू के हानिकारक प्रभावों के बारे में जागरूक करना और उन्हें इस खतरनाक आदत से दूर रखना है। इस कार्यक्रम में बच्चो को तम्बाकू से होने वाले बीमारियों जैसे कैंसर, अस्थमा, लकवा, श्वास संबधित बीमारी के बारे में चर्चा की गयी, तथा इससे होने वाले आर्थिक और सामाजिक दुष्प्रभाव के बारे मे भी बतलाया गया । विद्यालयों के अंदर और बाहर दोनों स्थानों पर साकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए का प्रयास किया गया साथ ही साथ कोटपा 2003 अधिनियम से संबंधित प्रावधनों को लेकर कार्यशाला का आयोजन किया गया इसमे बतलाया गया की तंबाकू नियंत्रण अधिनियम कोटपा-2003 के मुख्यतः चार धाराओं के बारे में बिस्तर से बताया गया।


**कार्यालय, जिला मत्स्य पदाधिकारी-**
**सह-मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, गोड्डा**

**जलकर बंदोबस्ती संबंधी आवश्यक सूचना**

एतद् द्वारा गोड्डा जिले के मत्स्य पालकों/मत्स्य कृषकों को सूचित किया जाता है कि दैनिक समाचार पत्रों में PR 341467 Fish (24-25)_D द्वारा प्रकाशित विज्ञापन के माध्यम से दिनांक– 17.12.2024 को 12:00 बजे मध्याहन् में अपर समाहर्त्ता, गोड्डा की उपस्थिति में मेहरमा अंचल के 13 जलकरों की अल्पकालीन बंदोबस्ती वित्तीय वर्ष– 2024–25 तक के लिए खुले डाक के माध्यम से संपादित किया जाना था को सक्षम स्तर से मेहरमा अंचल मत्स्य जीवी सहयोग समिति लि0, डोय के साथ जलकरों की बंदोबस्ती हेतु निर्गत स्वच्छता प्रमाण पत्र/अनुशंसा पत्र प्राप्त होने के कारण स्थगित किया जाता है, विभागीय परिपत्र संख्या– 114, दिनांक– 18.01.1992 यथा प्रतिस्थापित पत्रांक– 1325, दिनांक– 11.10.2023 के अनुपालन में समिति के साथ जलकरों की बंदोबस्ती कर दी गई है।

जिला मत्स्य पदाधिकारी –सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, गोड्डा

PR 341716 Fish(24-25)#D

**झारखण्ड सरकार, कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग**
**जिला गव्य विकास कार्यालय, साहेबगंज**

**पशुपालकों के लिए आवश्यक सूचना**

साहेबगंज जिला के इच्छुक व्यक्तिगत लद्यु उधमि/ युवा शिक्षित बेरोजगार/ स्वयं सहायता समूह के सदस्य/ प्रगतिशील पशुपालकों के वित्तीय वर्ष 2024–25 से 2025–26 की अवधि में अन्तर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में सरकारी अनुदान–सह–बैंक ऋण/ लाभुक अंशदान (सामान्य जाति के लिए 25% अनुदान तथा अनुसूचित जाति एवं जनजाति के लिए 33.33% प्रतिशत अनुदान) पर दुधारू मवेशी वित्त पोषण की दो चरणों में कार्यान्वित किए जाने वाली कामधेनु डेयरी फॉर्मिंग योजना के लिए आवेदन पत्र प्रकाशन की तिथि से 15 दिनों तक आमंत्रित किए जाते है। जिले में झारखण्ड मिल्क फेडेरेशन के कार्य क्षेत्र में चिन्हित दुग्ध पथों के इर्द–गिर्द इस योजना को प्राथमिकता के आधार पर क्रियान्वित किया जायेगा।

आवेदन पत्र जिला गव्य विकास कार्यालय, साहेबगंज से निःशुल्क प्राप्त किए जा सकते है। पूर्ण रूप से भरे हुए फोटोयुक्त आवेदन पत्र के साथ आधार कार्ड, बैंक, जाति प्रमाण पत्र खाता एवं भूमि स्वामित प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा। विभिन्न योजनाओं की विवरणी निम्नवत है :–

| क्र० | योजना का नाम | परियोजना लागत | अनुदान प्रतिशत | बैंक ऋण | लाभुक अंशदान | लाभुक की अहरतायें |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 50 गायों/ भैंसो की कामधेनु डेयरी फॉर्मिंग योजना | रू०– 39,76,250.00 | सामान्य जाति 25%<br>अनुसूचित जाति एवं जनजाति 33.33% | सामान्य जाति 65%<br>अनुसूचित जाति एवं जनजाति 56.67% | सामान्य जाति 10%<br>अनुसूचित जाति एवं जनजाति 10% | इच्छुक व्यक्तिगत लद्यु उधमि/ युवा शिक्षित बेरोजगार / स्वयं सहायता समूह के सदस्य/ प्रगतिशील पशुपालक |

नोट :– विशेष जानकारी के लिए मो० – 6203950369, 6205490137 पर संपर्क करें।

निवेदक
जिला गव्य विकास पदाधिकारी
साहेबगंज

PR 341773 Animal Husbandry (24-25)_D

**श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग**
**अवर प्रादेशिक नियोजनालय -सह- मॉडल करियर सेन्टर**
**दुमका**

**भर्त्ती कैम्प सूचना**

झारखण्ड सरकार, श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग अंतर्गत **दिनांक :–13 दिसम्बर, 2024 (शुक्रवार) को अवर प्रादेशिक नियोजनालय, दुमका** द्वारा **भर्ती कैम्प** का आयोजन किया जा रहा है।

सभी आवेदक को सूचित किया जाता है कि **दिनांक– 13 दिसम्बर, 2024 (शुक्रवार ) को प्रातः 10:00 से अवर प्रादेशिक नियोजनालय, दुमका कार्यालय परिसर, पता –सरकारी आई0 टी0 आई0 के निकट पाकुड़ रोड, दुमका** में आयोजित **भर्ती कैम्प** में उपस्थित होकर निम्नवत रिक्तियों से संबंधित रोजगार के सुअवसर का लाभ उठायें :–

| Sl. No | Employer Name | Date | POST | No of Vacancy | Qualification | Gender | Age. | Salary | Job Location |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | GSA Foundation, Ahemadabad | 13-12-2024 | Machin Operator | 250 | 10th, 12th | Male | 18-36 | 14000-23000 | GUJRAT |
| 2 | Tiwari Automobiles Pvt. Ltd | | Sales Executive | 10 | Graduate With Com. Knowledge | M/F | 21-35 | 10000-20000 | Dumka, Godda, Pakur |
| | | | Back Office Billing | 02 | | | | 8000-12000 | Dumka |
| | | | Reception Cum Telecaller | 02 | | | | 8000-12000 | Dumka |

**नोट** :– आवेदक को झारखण्ड के किसी भी नियोजनालय में निबंधित होना अनिवार्य है, उल्लेखनीय है कि नियोजनालय, दुमका में आवेदक नियोजनालय के वेव पोर्टल & **www.jharniyojan.jharkhand.gov.in** के होम पेज के **New Jobseeker** में जाकर स्वंय भी निबंधन कर सकते हैं। चुँकि रिक्ति निजी क्षेत्र से सम्बंधित है इसलिए सभी प्रकार के सेवा शर्तो, चयन प्रकिया के लिए नियोजक उत्तरदायी है, नियोजनालय मात्र सुविधा प्रदाता के रूप में कार्य करता है।

भर्ती कैम्प में भाग लेने हेतु किसी भी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नहीं है। आवेदक अपने **सभी शैक्षणिक, प्रशैक्षणिक, आधार कार्ड, 2 पासपोर्ट साइज का फोटो, नियोजनालय का निबंधन कार्ड एवं अपना बायोडाटा** के साथ भर्ती कैम्प में भाग लें। स्थानीय रिक्तियों में रोजगार के अवसर के लिए आवासीय प्रमाण पत्र लाना अनिवार्य है।

नियोजन पदाधिकारी
अवर प्रादेशिक नियोजनालय, दुमका

PR 341717 Labour Employment and Traning(24-25)#D

# दुमका होकर चलेगी महाकुंभ पुण्यक्षेत्र यात्रा टूरिस्ट ट्रेन

## महाकुंभ स्नान के साथ बनारसी और अयोध्या यात्रा के लिए आईआरसीटीसी द्वारा स्पेशल ट्रेन

दुमका ब्यूरो

**दुमका ।** कुछ महीनों के बाद नए साल का आगमन हो जाएगा । जहां दुनिया भर के लोग नए साल का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं, वहीं करोड़ों श्रद्धालु भी नए साल के आगमन के लिए बेताब हैं। हिंदू धर्म में कुंभ मेला एक धार्मिक तीर्थयात्रा है जो 12 वर्षों के दौरान चार बार मनाई जाती है। उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में महाकुंभ मेला 2025 प्रयागराज में 13 जनवरी, 2025 से 26 फरवरी, 2025 तक आयोजित होने जा रहा है। इसे लेकर रेलवे विगत तीन वर्षों से तैयारी कर रहा है। देश के हर क्षेत्र से श्रद्धालुओं की महाकुंभ स्नान को लेकर दुमका के तीर्थ यात्रियों के लिए इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म विभाग द्वारा भारत गौरव पर्यटक ट्रेन का संचालन किया जा रहा है। इसी के तहत बुधवार को दुमका के एक निजी




होटल में आईआरसीटीसी के मुख्य पर्यवेक्षक मनीष कुमार, कार्यपालक पर्यवेक्षक निखिल प्रसाद और टूरिस्ट मॉनिटर श्याम प्रसाद ने संयुक्त रूप से प्रेस वार्ता कर महाकुंभ पुण्यक्षेत्र यात्रा टूरिस्ट ट्रेन के बारे में बताया कि आईआरसीटीसी ने अपनी वेबसाइट पर इसके लिए बुकिंग शुरू कर दी है। टूरिस्ट ट्रेन भारत गौरव ट्रेन के विशेष एचएलबी रेक में आरामदायक रेल यात्रा के लिए कुल 14 कोच होगी, जिसमें 10 स्लिपर श्रेणी की एसी-3 की एक कोच, एक एक पेनेट्री कार कोच और दो एसएलआर बोगियां होगी । स्लीपर श्रेणी के लिए प्रति व्यक्ति 19100 रुपये किराया होगा जबकि एसी श्रेणी में 25100 रुपये देने होंगे। यह गाड़ी 18 फरवरी 2025 को कोलकाता शहर से महाकुम्भ पुण्य यात्रा के लिए रवाना होगी। यह ट्रेन शाम तक दुमका पहुंचेगी जो महाकुंभ की यात्रा श्रद्धालुओं की पूरी करवाइए । इस पैकेज में यह गाड़ी 5 रातों और 6 दिनों की इस यात्रा में प्रयागराज, वाराणसी और अयोध्या के दर्शनीय स्थलों का भ्रमण कराया जाएगा। यह ट्रैन पश्चिम बंगाल के कोलकाता से शुरू होकर बैंडल, बर्दवान, बोलपुर, रामपुरहाट, दुमका, हंसडीहा, भागलपुर, सुल्तानगंज, जमालपुर, किउल, पटना एवं बक्सर स्टेशन से होते हुए जाएगी। उन्होंने बताया कि आईआरसीटीसी ने अपनी वेबसाइट पर इसके लिए बुकिंग शुरू कर दी है। बुकिंग नंबर 8595904074 जारी कर दिया है। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं के लिए शाकाहारी भोजन की व्यवस्था होगी। सड़क परिवहन और गुणवत्तायुक्त बसों से दर्शनीय स्थलों की यात्रा कार्यक्रम के अनुसार आवास की व्यवस्था, प्रयागराज में टेंट में रहने की व्यवस्था, यात्रा में टूर एस्कॉर्ट्स, यात्रा बीमा, ऑन बोर्ड सुरक्षा और हाउसकीपिंग की सेवा शामिल है।

# विभिन्न चौक चौराहों पर हुई अलाव की व्यवस्था

## भीषण ठंड से रिहायशी क्षेत्रों में गरीबों और राहगीरों के बचाव हेतु अलाव जलाने की गई व्यवस्था

संवाददाता

**जरमुंडी ।** भीषण ठंढ और कनकनी से राहगीरों और गरीब जरूरतमंद लोगों की सुरक्षा को लेकर बासुकीनाथ नपं क्षेत्र में नगर प्रशासन द्वारा अलाव की व्यवस्था की गई है। बासुकीनाथ नगर पंचायत क्षेत्र के रिहायशी क्षेत्रों, चौक-चौराहों में अलाव जलाने के लिए मंगलवार की रात्रि से सामग्री की व्यवस्था की गई है।

बासुकीनाथ नगर पंचायत प्रशासक अजमल हुसैन ने बताया कि नगर क्षेत्र के विभिन्न वार्डों और रिहायशी क्षेत्रों में मुसाफिरों और बासुकीनाथ धाम तीर्थ क्षेत्र में तीर्थयात्रियों का आवागमन जारी रहता है। मौसम में आई गिरावट के बाद ठंढ बढ़ गई है।राहगीरों को ठंढ से राहत मिले और जरूरत मंद तथा गरीब गुरबों के लिए जगह-जगह अलाव जलाने



की व्यवस्था की गई।

नपं प्रशासक ने बताया कि नगर क्षेत्र का स्थल निरीक्षण कर जरूरत के हिसाब से लकड़ी और जलावन के लिए लकड़ी और अन्य सामग्री मुहैया कराई गई है।

नगर क्षेत्र में अलाव की व्यवस्था के लिए नपं कर्मी भास्कर पंडा, कुंदन पत्रलेख, धीरज राव, रमाशंकर पत्रलेख, सुदिन व गौतम सहित अन्य कर्मी भी अपना योगदान कर रहे हैं।

## डालसा ने किया जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरण



**दुमका।** झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, रांची के निर्देश पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, दुमका संजय कुमार चन्द्धरियावी के आदेश पर बुधवार को दुमका शहर के मुख्य जगहों पर डालसा सचिव उत्तम सागर राणा द्वारा पैरा लीगल वालंटियर को शामिल कर एक टीम गठित किया गया तथा उनके द्वारा जरूरतमंदों, बेबस, लाचार, बूढ़े, विधवा तथा बच्चों के बीच इस कड़ाके की ठंड में कंबल वितरण किया गया। वहीं प्राधिकार के सचिव ने बताया कि आगे भी जिला प्रशासन तथा नगर पालिका के साथ समन्वय कर कंबल वितरण किया जाएगा तथा जिले के विभिन्न आश्रय गृहों तथा रैन बसेरा का दौरा कर बेघर व्यक्तियों को सामाजिक सुरक्षा योजना से जोड़ा जाएगा।

## मंत्री संजय प्रसाद यादव को राजद अध्यक्ष प्रमोद पंडित ने गुलदस्ता देकर किया स्वागत



**दुमका ।** राष्ट्रीय जनता दल प्रदेश कार्यालय रांची में आयोजित सदस्यता अभियान समारोह में मंत्री संजय प्रसाद यादव एवं प्रदेश अध्यक्ष सह हुसैनाबाद विधायक संजय सिंह यादव को गुलदस्ता देकर स्वागत करते हुए राजद जिला अध्यक्ष प्रमोद पंडित, अनुसूचित जनजाति के प्रदेश अध्यक्ष बाबूराम हांसदा शामिल रहे।

## व्यवसायी के घर के बाहर खड़ी बोलेरो हुई चोरी

**जरमुंडी ।** जरमुंडी थाना क्षेत्र अंतर्गत नीचे बाजार निवासी अक्षय कुमार मोदी के दरवाजे पर खड़ी महिंद्रा बोलेरो वाहन संख्या- जेएच-04 डी, 9439 बीती रात चोरी हो गई। घटना को लेकर व्यवसायी वाहन मालिक अक्षय मोदी ने जरमुंडी थाना में अज्ञात चोरों के विरुद्ध मामला दर्ज कराया है। अक्षय मोदी ने बताया कि मंगलवार को वह अपने परिवार के साथ देवघर से पूजा अर्चना कर घर लौटे और रात्रि में अपने घर के बाहर वाहन खड़ी की और सोने चले गए। सुबह उठकर देखा तो महिंद्रा बोलेरो नहीं थी। वाहन को गायब देखकर वे सन्न रह गए। वाहन चोरी के संदर्भ में अज्ञात चोरों के विरुद्ध.जरमुंडी थाना में मामला दर्ज कराया गया है। मामले की जानकारी मिलने पर जरमुंडी थाना प्रभारी श्यामानंद मंडल ने घटनास्थल पर पहुंचकर आवश्यक जानकारी प्राप्त की एवं आसपास के सीसीटीवी फुटेज को खंगालने की बात कही। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

## सड़क दुर्घटना में बाइक सवार युवक घायल

**जरमुंडी ।** तालझारी थानान्तर्गत कालाडुमरिया पंचायत के भेलबेहरी गांव के समीप अनियंत्रित होने से एक बाइक सवार घायल हो गया। घायल बाइक सवार का नाम खपचुआ गांव निवासी सुनील मरांडी बताया जाता है। स्थानीय लोगों ने बताया कि बाइक सवार सहारा बाजार से खरीददारी कर वापस घर जा रहा था।. इस क्रम में सड़क पर बकरी आ जाने से बाइक अनियंत्रित हो गई। बकरी को बचाने के क्रम में बाइक दुर्घटनाग्रस्त हो गई,जिससे बाइक सवार सुनील मरांडी घायल हो गया। ग्रामीणों की मदद से घायल युवक को उठाकर इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जरमुंडी पहुंचाया गया। जहां चिकित्सक ने घायल का प्राथमिक उपचार किया। इस दुर्घटना में उसकी बाइक भी क्षतिग्रस्त हो गई।

## ठंड से राहत देने चौक चौराहे पर अलाव जलाए गए



**शिकारीपाड़ा ।** मौसम खुलते ही ठंड बढ़ गई है।ठंड से बचाव के लिए अब बाजारों के विभिन्न स्थानों में अलाव की व्यवस्था की है।लोगो को ठंड से निजात दिलाने प्रशासन की पहल से शिकारीपाड़ा बाजार में अलग अलग स्थानों पर अलाव जलाए जा रहे हैं,ताकि लोगों को ठंड से निजात मिल सके। अलाव जलते ही आने जाने वाले राहगीर ठंड से बचने के लिए अलाव के पास पहुंच रहे हैं। बता दें कि मौसम खुलने के बाद अब ठंड ने अपना असर दिखाना शुरू कर दिया है।इससे पहले मौसम दो दिनों तक बादल छाए रहे थे। मौके पर बीडीओ मोहम्मद एजाज आलम, सीओ कपिल देव ठाकुर, प्रखंड के कर्मी, सहित अन्य राहगीर मौजूद थे।

## सीओ ने पीडीएस डीलरों के साथ की बैठक



**रानीश्वर (दुमका ) ।** अंचल अधिकारी सह एम ओ शांदा नुसरत ने बुधवार को जन वितरण प्रणाली दुकान के डीलरों के साथ बैठक कर सभी कार्डधारियों का 31 दिसंबर 2024 तक एक सौ फीसद के वाई सी ,माह अक्टूबर में चना वितरण ,चीनी वितरण ससमय धोती साड़ी का उठाव एवं बितरण करने का आदेश दी है साथ ही प्रवासी मजदूरों का राशनकार्ड बनाने ,प्रवासी मजदूरों का नाम का वेरिफिकेशन नहीं होने पर पंचायत सचिव बीएलओ ,दीदी एवं पीडीएस डीलर की जांच कर जांच कर उचित कारण देने के पश्चात डिलिटेश की अनुशंसा किया जायेगा ।जिस डीलर के द्वारा चीनी की शतप्रतिशत उठाव नहीं किया जायेगा ,उसे डीआईओ एवं डीएसडी में जिला के परफार्मेंस सही नहीं होने पर विभाग द्वारा करवाई की जायेगी , ग्रीन कार्ड धारी के अनाज वितरण की समीक्षा हुई ।सभी डीलरों को निर्धारित समय पर वितरण सुनिश्चित कराने की सुझाव दी है ।बैठक में सभी डीलर एवं सहायक गोदाम प्रबंधक मौजूद थे ।

# तालाबंदी को देखते हुए कुलपति ने विभिन्न कॉलेजों को ऑनलाइन कक्षाएं संचालित करने का दिया निर्देश

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

**दुमका।** विश्वविद्यालय में जारी तालाबंदी को देखते हुए कुलपति प्रो बिमल प्रसाद सिंह के निर्देश पर बुधवार को कुलसचिव डॉ राजीव कुमार ने सभी स्नातकोत्तर विभागाध्यक्षों एवं विभिन्न कॉलेजों के प्राचार्यों को ऑनलाइन कक्षाएं संचालित करने का निर्देश दिया है। साथ ही निर्देश दिया है कि वेतन या मानदेय भुगतान के समय ली गई ऑनलाइन कक्षा का स्क्रीनशॉट एवं साक्ष्य भेजे जाये। यहाँ बता दे कि तालाबंदी के बावजूद विश्वविद्यालय में लगातार छात्रहित का कार्य किया जा रहा है एक ओर जहां संत जेवियर्स कॉलेज दुमका में मूल्यांकन केंद्र बनाकर बुधवार से यूजी सेमेस्टर-6 की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन शुरू कर दिया गया है वहीं दूसरी ओर छात्रों की पढ़ाई प्रभावित न हो इसके लिए विश्वविद्यालय प्रशासन ने ऑनलाइन कक्षाओं की व्यवस्था की है। इतना ही नहीं वैसे छात्र जो झारखंड सीजीएल समेत अन्य प्रतियोगिता परीक्षाओं में उत्तीर्ण हो चुके हैं और लगातार अपने मूल प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिए विश्वविद्यालय पहुंच रहे हैं उनके लिए भी विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से विशेष व्यवस्था की गई है। इस संबंध में विवि के परीक्षा नियंत्रक डॉ. जय कुमार साह ने बताया कि ऐसे छात्रों की समस्याओं के



समाधान के लिए कुलपति के आवासीय कार्यालय में कर्मचारियों की तैनाती की गई है। किसी भी छात्र को यदि इसकी आवश्यकता हो तो वह विवि की आधिकारिक वेबसाइट से नंबर लेकर फोन भी कर सकता है।

विवि के कुलपति प्रो. बिमल प्रसाद सिंह ने बताया कि छात्रहित में कार्य सुचारू रूप से चले, इसके लिए हरसंभव प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि सभी स्नातकोत्तर विभागाध्यक्षों और विभिन्न कॉलेजों के प्राचार्यों को निर्देश दिया गया है कि सभी कक्षाएं ऑनलाइन ही संचालित करें, ताकि छात्रों की पढ़ाई प्रभावित न हो।

# समर्थन मूल्य पर दो वर्ष पूर्व बेचे गए धान का बकाया भुगतान नहीं होने से किसान परेशान

संवाददाता

**दुमका ।** जिले के विभिन्न लैम्प्स शाखाओं में समर्थन मूल्य पर बेचे गए धान का बकाया भुगतान नहीं होने से किसानों के सामने आर्थिक संकट उत्पन्न हो गया है। पैसे के अभाव में किसान रबी फसल की खेती नहीं कर पा रहे।

रानीश्वर प्रखंड के निजुरी गांव के किसान खुदीराम घोष ने पाथरा लैम्प्स शाखा में समर्थन मूल्य पर धान बेचा था जिसका भुगतान आज तक नहीं किया गया। खुदीराम भुगतान पाने के लिए दो साल से जिला सहकारिता पदाधिकारी एवं जिले के उपायुक्त को गुहार लगा कर थक हार गया हैं। खुदीराम का खेती बाड़ी ही रोजगार का एकमात्र पेशा हैं । दो साल से समर्थन मूल्य का 54,858 बकाया रुपया राशि के विरुद्ध प्रथम क़िस्त में 25 हजार भुगतान किया गया। उन्हें शेष राशि 29,858 रुपया आज तक भुगतान नहीं किया गया। खुदीराम ने जिले के उपायुक्त को मार्च व अप्रैल 2022 एवं मार्च 2023 को आवेदन देकर शेष राशि का भुगतान कराने की मांग की परन्तु आज तक उन्हें भुगतान नहीं किया गया। दूसरी ओर किसानों को लैम्प्स के सहायक प्रबंधक के द्वारा दूसरे किस्त की राशि का भुगतान नहीं होने के



बाद मामला संज्ञान में आने के दो साल से लैम्प्स शाखा में ताला लटका हुआ हैं7 सूत्रों के अनुसार सहायक प्रबंधक गांव छोड़ कर सिउड़ी चला गया हैं। पीड़ित किसान ने बताया कि जिले में वो अकेला किसान नहीं है जिसे धान का बकाया भुगतान नहीं दिया गया बल्कि ऐसे सैंकड़ों किसान है जो भुगतान नहीं मिलने से रबी फसल की खेती नहीं कर पा रहे।

# राशन डीलर की मनमानी के विरोध में महिला लाभुकों ने किया दुमका हंसडीहा मार्ग को जाम

संवाददाता

**नोनीहाट ।** राशन डीलर की मनमानी के विरोध में बुधवार को क्षेत्र की सैकड़ों महिलाओं ने हंसडीहा थाना क्षेत्र के दुमका भागलपुर मुख्य मार्ग को जाम कर दिया। जाम के कारण तकरीबन 3 घंटे तक यातायात बाधित रहा। मिली जानकारी के अनुसार राशन डीलर द्वारा राशन वितरण की जा रही अनियमितताओं और भ्रष्टाचार के खिलाफ आस पास के क्षेत्र की महिलाओं सड़क पर उतरकर विरोध प्रदर्शन किया। महिलाओं ने सड़क जाम करके प्रशासन का ध्यान अपनी ओर खींचा और दोषी डीलर के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। महिलाओं ने राशन डीलर पर आरोप लगाते हुए कहा कि नवंबर माह का राशन अभी तक वितरण नहीं किया गया है।

बताया कि कई दिनों से महिलाएं राशन लेने के लिए लगातार डीलर के घर के चक्कर लगा रहीं थी, लेकिन प्रतिदिन राशन डीलर द्वारा मशीन में सर्वर ना होने की बात कहकर कार्ड धारकों को लौटाया जा रहा था।

राशन न मिलने से नाराज महिलाओं ने प्लस टू हाई स्कूल नोनीहाट के समीप दुमका हंसडीहा



मुख्य मार्ग को जाम कर हंगामा शुरू कर दिया। जिसकी वजह से दुमका हंसडीहा मुख्य मार्ग 3 घण्टे तक जाम रहा और यातायात 3 घंटो तक बाधित रहा। वहीं राशन डीलर ने जानकारी देते हुए बताया कि मशीन में सर्वर ना होने से यह समस्या खड़ी हो रही है और साथ ही साथ सभी कार्ड धारक महिलाओं को आश्वासन भी दिया कि नवंबर का तो पता नहीं पर दिसंबर माह का राशन जल्द से जल्द सभी को बांट दिया जाएगा। सड़क जाम की सूचना मिलते ही हंसडीहा थाना प्रभारी प्रकाश सिंह अपने दल बल के साथ मौके पर पहुँचे और महिलाओं को काफी समझाने बुझाने के बाद जाम हटवाया। जिसके बाद यातयात शुरू किया गया।

# 32 वर्षीय विवाहिता सड़क दुर्घटना में मौत, गांव में शोक की लहर

संवाददाता

**मसलिया ।** मसलिया थाना क्षेत्र के बगरायडीह गांव 32 वर्षीय विवाहिता संजू देवी पति बिराज राणा के सड़क दुर्घटना में मौत को लेकर राणा परिवार सहित गांव में शोक की लहर है। जानकारी के अनुसार बिराज राणा अपनी पत्नी संजू देवी के साथ पालाजोरी थाना क्षेत्र के बिराजपुर में अपने भागनी की शादी समारोह में शामिल होने गए हुए थे। शादी के रश्म पूरी करने के लिए सड़क किनारे तालाब गई थी। इसी बीच एक अज्ञात बोलेरो की चपेट में आने से संजू देवी के साथ साथ कुल की मौके पर ही मौत हो गई।

संजू देवी की शव बुधवार अहले सुबह गांव पहुचने पर गांव में मातम छा गई। दोपहर को संजू देवी की शव को हिन्दू रीति रिवाज से बगरायडीह गांव के जोड़िया के पास दाह संस्कार किया गया। बिराज राणा एवं संजू देवी निसंतान थी।

## आयुक्त ने की केन्दू पत्ती संग्रहण दर निर्धारण

# सर्वसम्मति से केंदु पत्ती 1925 रू प्रति बोरा का किया निर्धारण




संवाददाता

**दुमका ।** प्रमण्डलीय आयुक्त, संथाल परगना प्रमण्डल, दुमका की अध्यक्षता में बुधवार को वर्ष 2025 मौसम हेतु केन्दू पत्ती का संग्रहण दर निर्धारण को लेकर केन्दु पत्ती सलाहकार समिति की बैठक हुई।

बैठक में वर्ष-2024 मौसम के लिए संथाल परगना प्रमण्डल क्षेत्र को लेकर गत बैठक में केन्दू पत्ती के संग्रहण दर निर्धारण को लेकर राज्य सरकार को दिये गये परामर्श के बिन्दु पर विस्तार से चर्चा की गयी गयी। गत वर्ष राज्य सरकार द्वारा केन्दु पत्ती संग्रहण दर रैयती एवं वन भूमि से 1750/-रू0 प्रतिमानक बोरा स्वीकृत किया गया था। बैठक में उपस्थित सदस्य फ्राँसिस हाँसदा द्वारा संथाल परगना से मजदूरों के पलायन को रोकने के लिए गत वर्ष निर्धारित दर से बढ़ाकर 2,000/- रू निर्धारित करने का प्रस्ताव दिया गया। वर्त्तमान में महँगाई दर में हुई वृद्धि एवं जनवरी, 2025 में सम्भावित वृद्धि को आधार मानते हुए श्रमिकों के हित में 10 प्रतिशत वृद्धि करने पर सहमति बनी और सर्वसम्मति से 1925 / रू प्रति मानक बोरा दर निर्धारण हेतु प्रस्ताव पारित किया गया।

बैठक में आयुक्त, संथाल परगना प्रमण्डल, दुमका लालचन्द डाडेल के अलावे क्षेत्रीय मुख्य वन संरक्षक, दुमका (विशेष आमंत्रित सदस्य), महाप्रबंधक, लघु वन पदार्थ परियोजना अंचल-देवघर (संयोजक-सह-सचिव),अमित कुमार, आयुक्त के सचिव, संथाल परगना प्रमण्डल, दुमका, प्रमण्डलीय प्रबंधक, लघु वन पदार्थ परियोजना प्रमण्डल, गिरीडीह, केन्दु पत्ती व्यापारी के प्रतिनिधि लक्ष्मण प्रसाद भगत, बीड़ी निर्माता के प्रतिनिधि राम बाबू त्रिपाठी, केन्दु पत्ती उगाने वाले अनुसूचित जन जाति के प्रतिनिधि अनिल हाँसदा एवं फ्राँसिस हाँसदा, केन्दू पत्ती उगाने वाले अनुसूचित जाति के प्रतिनिधि शंकर रविदास, केन्दू पत्ती उगाने वाले पिछड़े वर्ग के प्रतिनिधि प्रदीप कुमार दत्ता, केन्दू पत्ती उगाने वाले सामान्य जाति के प्रतिनिधि अनिरूद्ध प्रसाद साह एवं गैर-सरकारी संगठन के प्रतिनिधि समीर कुमार रक्षित तथा सौरभ कुमार तिवारी आदि उपस्थित थे।

# खरवा गांव के ग्रामीणों ने एनएच 114 ए में निर्माण कार्य बंद कराया

## सड़क निर्माण कार्य की मांग को लेकर ग्रामीणों ने किया विरोध प्रदर्शन

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

**जरमुंडी ।** बासुकीनाथ-देवघर मुख्य मार्ग नेशनल हाइवे एनएच-114 ए में फोरलेन सड़क निर्माण कार्य को खरबा गांव के आक्रोशित ग्रामीणों ने बंद कराया। खरबा के ग्रामीणों ने नेशनल हाईवे के रास्ते अपने गांव तक जाने के लिए सड़क निर्माण कार्य की मांग को लेकर यह प्रदर्शन किया। बता दें कि जरमुंडी प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत चोरखेदा पंचायत क्षेत्र के खरबा गांव के ग्रामीणों ने नेशनल हाईवे से अपने गांव तक जाने के लिए सड़क निर्माण कार्य की मांग को लेकर बुधवार को रोषपूर्ण प्रदर्शन करते हुए सड़क निर्माण कार्य बंद कराया। इस मौके पर आक्रोशित ग्रामीणों ने कहा कि नेशनल हाईवे से उनके गांव को जोड़ा जाए अन्यथा वे सड़क निर्माण कार्य नहीं होने देंगे। इस मौके पर ग्राम प्रधान चूड़ा मंडल ने बताया कि खरबा घनी आबादी वाला आदिवासी बहुल गांव है। गांव में करीब 400 की आबादी है। गांव तक जाने के लिए नेशनल हाईवे के रास्ते सड़क निर्माण कार्य अत्यंत आवश्यक है। ग्रामीण संजय मंडल एवं चंदन मांझी ने बताया कि खरबा गांव जाने के लिए पक्का रास्ता नहीं होने से



ग्रामीणों को आवागमन में काफी परेशानी होती है। ग्रामीणों ने उच्च पदाधिकारी से इस मामले में यथाशीघ्र सकारात्मक पहल करने की मांग की। इस मौके पर मुख्य रूप से नरेश मंडल, सूरज मंडल, वार्ड सदस्य प्रमोद मंडल, संजय मंडल, धनंजय मंडल, राजू मुर्मू, मिट्ठू मुर्मू, बुद्धि लाल सोरेन, बाबू धन मरांडी, मनसा मुर्मू, राजू मांझी, तेजू मांझी, हेमलाल सोरेन, सूरज लाल मरांडी, मुकेश मुर्मू, निरंजन कुमार, चंदन मांझी, महावीर मंडल सहित दर्जनों अन्य ग्रामीण मौजूद थे।

स्वामी, प्रकाशक,मुद्रक एवं संपादक अशोक कुमार द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस,धनबाद गोविंदपुर मेन रोड अशोक नगर, केजी आश्रम,गोसाईडीह धनबाद झारखंड से मुद्रित तथा संताल एक्सप्रेस कार्यालय दंगालपाड़ा, हिजला रोड, दुमका (झारखंड)से प्रकाशित,RNI NO. JHABIL/2018/76383, सलाहकार संपादक चंदन मिश्र, प्रबंध संपादक सिद्धार्थ कुमार, स्थानीय संपादक चुण्डा सोरेन 'सिपाही' फोन न. 7367009287, 9771486686